**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
**Completely NEET Counselling Guidance specially for**
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 14 अंकः 103 लखनऊ, गुरुवार 28 नवंबर 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## मकर संक्रांति मेले में श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधा और व्यवस्था : सीएम योगी



लखनऊ (एजेंसी) । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रान्ति मेले के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया कि मकर संक्रान्ति मेले की सभी तैयारी 15 दिसंबर तक पूरी कर ली जाए जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं व्यवस्था उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही गोरखनाथ मंदिर में भारी संख्या में लोग आने लगते है इसके दृष्टिगत भीड़ को नियंत्रित करने तथा जाम आदि न लगने पाए इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी व्यवस्था करने के साथ सुनिश्चित करें कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हुए वाहन स्टैण्ड पर सुरक्षा, अलाव, सीसीटीवी कैमरा एवं साफ सफाई की व्यवस्था हो। सीएम योगी ने कहा कि मकर संक्रान्ति मेले में बड़ी संख्या में नेपाल एवं बिहार से भी लोग खिचड़ी चढ़ाने आते है, इसलिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हो। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कुंभ मेला प्रयागराज में जाते और वापसी में भी बडी संख्या में श्रद्धालु मंकर संक्रान्ति मेले में आ सकते हैं इसके दृष्टिगत रखते हुए भी पूरी तैयारियों को किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया है कि मेले में पर्याप्त संख्या महिला पुलिस की भी व्यवस्था हो। पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था रहे। मेले में नगर निगम सफाई की अच्छी व्यवस्था रखे। नगर निगम मेला क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराएं और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवायें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा पीडब्ल्यूडी एवं नगर निगम सड़कों को ठीक करायें। टेलीफोन विभाग मेला के दौरान टेलीफोन के अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध करायें। बिजली विभाग मोहल्लों के ढीले तारों को ठीक करायें। मेले में विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। कही भी खुले में तार आदि न रहे। मेले का व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ मेले में आये लोगों को गोरखपुर के विकास के बारे में भी जानकारी देने के लिये प्रदर्शनी लगाई जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग मेला के दौरान कैंप लगाये। उन्होंने रेलवे विभाग को निर्देश दिया है कि पूर्व की भांति स्पेशल ट्रेन चलवायें। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन मेले का लाइव प्रसारण करेंगे। मेले के दौरान परिवहन विभाग बसों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था करें।

## तेलंगाना सरकार कौशल विश्वविद्यालय के लिए अदाणी के 100 करोड़ के दान को स्वीकार नहीं करेगी :रेड्डी

**मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार यहां स्थापित की जा रही 'यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी' के लिए अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी द्वारा दिए जाने वाले 100 करोड़ रुपये के दान को स्वीकार नहीं करेगी। रेड्डी ने कहा कि मैं और मेरे मंत्रिमंडल के सहयोगी ऐसी अनावश्यक चर्चाओं और स्थितियों में शामिल नहीं होना चाहते हैं।**



हैदराबाद (एजेंसी) तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार यहां स्थापित की जा रही 'यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी' के लिए अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी द्वारा दिए जाने वाले 100 करोड़ रुपये के दान को स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अडानी की घोषणा से अनावश्यक चर्चा को बढ़ावा मिला कि यदि दान स्वीकार कर लिया गया तो यह राज्य सरकार या मुख्यमंत्री के पक्ष में प्रतीत हो सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह सहित किसी भी संगठन से अपने खाते में एक भी रुपया स्वीकार नहीं किया है।रेड्डी ने कहा, ''मैं और मेरे मंत्रिमंडल के सहयोगी ऐसी अनावश्यक चर्चाओं और स्थितियों में शामिल नहीं होना चाहते हैं, जिससे राज्य सरकार या मेरी छवि को नुकसान पहुंचे। इसीलिए राज्य सरकार की ओर से हमारे अधिकारी जयेश रंजन ने अदाणी को एक पत्र लिखा है।'' उन्होंने कहा, '' पत्र में लिखा है कि (वर्तमान) स्थिति और विवादों के कारण, तेलंगाना सरकार आपके (अदाणी) द्वारा उदारतापूर्वक दिए गए 100 करोड़ रुपये के दान को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।'' रेड्डी ने बताया कि पत्र में अदाणी फाउंडेशन से स्पष्ट रूप से अनुरोध किया गया है कि वह विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपये हस्तांतरित न करें।

## फोन टैपिंग मामले में गहलोत के पूर्व-ओएसडी लोकेश शर्मा गिरफ्तार

जयपुर (एजेंसी) राजस्थान के बहुचर्चित फोन टैघपिंग केस में पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के कुछ देर बाद ही लोकेश शर्मा को जमानत मिल गई। लोकेश शर्मा को 21 नवंबर को पटियाला हाउस कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली हुई थी। प्रशांत विहार क्राइम



ब्रांच ने आज गिरफ्तारी कर प्रकिया पूरी की, अरेस्ट मेमो बनाया और घफिर जमानत पर छोड़ दिया।

इससे पहले, 14 नवंबर को खुद लोकेश शर्मा ने दिल्ली हाईकोर्ट में फोन टैपिंग केस में दायर गिरफ्तारी से राहत देने और केस राजस्थान ट्रांसफर करने की याचिका वापस ले ली थी। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक हट गई थी। राजस्थान में सचिन पायलट खेमे की बगावत के समय जुलाई 2020 में गहलोत सरकार पर बीजेपी ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए थे। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मार्च 2021 में लोकेश शर्मा सहित पुलिस अफसरों पर फोन टैपिंग का आरोप लगाते हुए दिल्ली पुलिस में केस दर्ज करवाया था। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच इस मामले में जांच कर रही है।

## कुछ लोग अव्यवस्था फैलाकर संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं, पीएम मोदी ने चुनावी हार के बाद विपक्ष पर निशाना साधा

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को संबोधित किया। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है और 20 दिसंबर 2024 तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2024 का आखिरी चरण चल रहा है और देश 2025 की तैयारी कर रहा है।***



नई दिल्ली (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को संबोधित किया। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है और 20 दिसंबर 2024 तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2024 का आखिरी चरण चल रहा है और देश 2025 की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा, ष्संसद का यह सत्र कई मायनों में खास है और सबसे महत्वपूर्ण बात संविधान के 75वें वर्ष की शुरुआत है। कल संविधान सदन में सभी लोग हमारे संविधान के 75वें वर्ष का जश्न मनाएंगे।ष्पीएम मोदी ने कहा ष्यह शीतकालीन सत्र है, मुझे उम्मीद है कि माहौल भी ऐसा ही होगा। देश 2025 का स्वागत करने के लिए तैयार हो रहा है। यह सत्र कई मायनों में महत्वपूर्ण है। सबसे महत्वपूर्ण संविधान के 75 साल पूरे होने का है, यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। कल सत्र के दौरान सभी लोग इस अवसर का जश्न मनाएंगे।ष्पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग जिन्हें जनता ने नकार दिया है, वे लगातार मुट्ठीभर लोगों की गुंडागर्दी के जरिए संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की जनता उनके सारे कर्मों को गिनती है और समय आने पर उन्हें सजा भी देती है। लेकिन सबसे दुखद बात यह है कि नए सांसद नए विचार, नई ऊर्जा लेकर आते है और वे किसी एक पार्टी के नहीं बल्कि सभी पार्टियों के होते हैं।कुछ लोग उनके अधिकारों का हनन करते हैं और उन्हें सदन में बोलने का मौका भी नहीं मिलता... लेकिन जिन्हें जनता ने लगातार 80–90 बार नकार दिया है, वे संसद में चर्चा नहीं होने देते। वे न तो लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं और न ही वे लोगों की आकांक्षाओं के महत्व को समझते हैं। उनके प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, वे उन्हें समझ नहीं पाते और इसका नतीजा यह होता है कि वे कभी भी लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाते। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा 235 सीटों पर जीत हासिल करने और विपक्षी महा विकास अघाड़ी को 288 सदस्यीय सदन में 49 सीटों पर धकेलने के कुछ दिनों बाद आई है।

इससे पहले, भाजपा ने हरियाणा चुनाव में आश्चर्यजनक रूप से लगातार तीसरी जीत दर्ज की, जिसमें उसने कांग्रेस को हराया, जिसे चुनाव–पूर्व पसंदीदा माना जा रहा था।मोदी ने कहा, ष्संसद में स्वस्थ बहस होनी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं व्यवधान और अराजकता का सहारा ले रहे हैं।ष उन्होंने कहा, ष्हालांकि उनकी रणनीति अंततः विफल हो जाती है, लेकिन लोग उनके व्यवहार को करीब से देखते हैं और समय आने पर न्याय करते हैं।ष्पीएम मोदी ने कहा कि वह विपक्षी सहयोगियों से बार–बार आग्रह कर रहे हैं और कुछ लोग इस बात पर भी सहमत हैं कि संसद को सुचारू रूप से चलना चाहिए। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू हुआ और 20 दिसंबर तक जारी रहेगा।

## शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार चुनाव जीत चुकी हैं बंदना कुमारी विधानसभा की रह चुकी हैं उपाध्यक्ष



**बंदना कुमारी एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं जो वर्तमान में 2013 से शालीमार बाग निर्वाचन क्षेत्र के लिए विधान सभा सदस्य के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष और पार्टी की महिला शाखा, आम आदमी पार्टी महिला शक्ति की पूर्व अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।**

नई दिलली (एजेंसी) आम आदमी पार्टी की नेता बंदना कुमारी एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं जो वर्तमान में 2013 से शालीमार बाग निर्वाचन क्षेत्र के लिए विधान सभा सदस्य के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष और पार्टी की महिला शाखा, आम आदमी पार्टी महिला शक्ति की पूर्व अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। जब दिल्ली में आप ने 70 में से 67 सीटें जीतीं। 12 फरवरी 2015 को इसने घोषणा की कि बंदना कुमारी दिल्ली की छठी विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए उसकी उम्मीदवार होंगी। 23 फरवरी को उन्हें औपचारिक रूप से उपाध्यक्ष चुना गया, जबकि राम निवास गोयल अध्यक्ष बने।

बंदना कुमारी का जन्म 11 मार्च 1974 को बिहार के समस्तीपुर में एक भूमिहार ब्राह्मण परिवार में हुआ था । उनके पिता का नाम ब्रज किशोर शर्मा है। उन्होंने 1991 में बीएसई (राज्य) बोर्ड के तहत राम बृक्ष बेनीपुरी स्कूल, मुजफ्फरपुर से अपनी 12वीं की पढ़ाई पूरी की। बंदना ने 1994 में बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय , मुजफ्फरपुर से कला स्नातक (बीए ऑनर्स) की डिग्री हासिल की। घ्उनके पति का नाम सज्जन कुमार है। 2013 के हलफनामे के अनुसार दोनों ही स्वरोजगार में थे। वह वर्तमान में एक गृहिणी और एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह अपने पति और बेटे के साथ दिल्ली के शालीमार बाग की निवासी हैं।

राजनीति का सफर

दिसंबर 2013 के विधानसभा चुनावों में बंदना कुमारी दिल्ली के शालीमार बाग निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुनी गईं, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के तीन बार के विधायक रविंदर नाथ बंसल को 10,651 मतों के अंतर से हराया, उन्हें 47,235 वोट मिले। उन्हें तुरंत षविशालकाय हत्याराष के रूप में सम्मानित किया गया। बंदना की जीत को भाजपा के लिए एक चौंकाने वाली हार माना गया क्योंकि इस निर्वाचन क्षेत्र को पारंपरिक रूप से पार्टी का गढ़ माना जाता था। यह निर्वाचन क्षेत्र 1993 से भाजपा के पास था। शालीमार बाग 1993 में भाजपा के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा का निर्वाचन क्षेत्र भी था और बंसल ने 15 साल तक इस सीट पर कब्जा किया था।

विधायक बंदना आम आदमी पार्टी की महिला शाखा महिला शक्ति की अध्यक्ष बनीं। उन्होंने शहर में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे उठाए। आप की महिला शाखा और युवा शाखा ने दिसंबर 2014 में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए दिल्ली मेट्रो स्टेशनों से 22 ग्रामीण सेवा वाहन शुरू किए, ताकि महिलाओं की सुरक्षा और महिला मतदाताओं को लुभाया जा सके। 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में बंदना को शालीमार बाग से फिर से उम्मीदवार बनाया गया । उन्होंने महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चुनाव लड़ा। बंदना ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की स्थायी समिति की उपाध्यक्ष भाजपा की रेखा गुप्ता को 10,978 मतों के अंतर से हराया। उन्हें 2013 के चुनावों की तुलना में अधिक वोट (62,656) भी मिले।

## दिल्ली में वापसी की उम्मीद को लेकर कांग्रेस के बाद भाजपा भी निकालेगी दिल्ली में परिवर्तन यात्रा, समिति में कई नेताओं को मिली जगह

**दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सियासी संग्राम तेज हो गया है। इस चुनाव की तैयारियों को लेकर राजधानी के सभी बड़ी जोर शोर से पार्टियां जुट गयी हैं। जहाँ एक तरफ दिल्ली कांग्रेस न्याय यात्रा के जरिये मतदाताओं को आकर्षित कर रही है।**



अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सियासी संग्राम तेज हो गया है। इस चुनाव की तैयारियों को लेकर राजधानी के सभी बड़ी जोर शोर से पार्टियां जुट गयी हैं। जहाँ एक तरफ दिल्ली कांग्रेस न्याय यात्रा के जरिये मतदाताओं को आकर्षित कर रही है। तो वहीं, दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भी परिवर्तन यात्रा का जल्द ऐलान हो सकता है। परिवर्तन यात्रा का रोड मैप तैयार करने के लिए बीजेपी ने समिति का गठन किया है। जिसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बीजेपी ने सतीश उपाध्याय को परिवर्तन यात्रा समिति का संयोजक नियुक्त किया है। बीजेपी की तरफ से होने जा रही परिवर्तन यात्रा समिति में राजीव बब्बर, रेखा गुप्ता, सरदार राजा इकबाल सिंह, जय भगवान यादव, सतेंद्र चौधरी, राजेश गोयल, किशन शर्मा और कौशल मिश्रा को भी शामिल किया गया है। प्रदेश महासचिव विष्णु मित्तल को दिल्ली विधानसभा चुनाव समन्वय समिति का सदस्य भी बीजेपी ने नामित किया है।

बीजेपी ने कैलाश गहलोत को दी बड़ी जिम्मेदारी

हाल ही में आम आदमी पार्टी का दामन छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत को भी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कैलाश गहलोत चुनाव समन्वय समिति और चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्य बनाए गए हैं। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 11 सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है।

## प्रस्तावित रोपवे परियोजना को लेकर लोगों की चिंताओं पर ध्यान दिया जाएगा:मनोज सिन्हा

जम्मू । जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों की वैध चिंताओं पर ध्यान दिया जाएगा। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि जम्मू के संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता वाली एक समिति ने विकास परियोजनाओं पर आम सहमति बनाने के लिए हितधारकों से पहले ही बात कर ली है। सिन्हा शहर के मध्य में निर्माणाधीन तवी रिवरफ्रंट परियोजना का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। रोपवे परियोजना के निर्माण के खिलाफ हड़ताल के चौथे दिन कटरा में पथराव की घटना से जुड़े एक सवाल के जवाब में उपराज्यपाल ने कहा कि रोजगार छिनने संबंधी लोगों की चिंताओं पर ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास परियोजनाओं और लोगों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करने के उद्देश्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वैष्णो देवी मंदिर की ओर जाने वाले पैदल मार्ग पर प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ दुकानदारों और मजदूरों के मार्च ने सोमवार को उस समय उग्र रूप ले लिया, जब जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले के कटरा आधार शिविर में कुछ प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हो गई।प्रदर्शनकारियों की मांग है कि परियोजना को बंद किया जाए या प्रभावित होने वाले सभी लोगों को उचित मुआवजा दिया जाए। अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों के पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया,।

## पंजाब के उपचुनाव में जीत से "आप" गदगद, विजय के बाद अरविन्द केजरीवाल बोले -दिल्ली जीतकर रचेंगे ये इतिहास



नई दिल्ली (एजेंसी) आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में पंजाब विधानसभा उपचुनाव के 4 में से 3 विधानसभा सीटों पर शानदार जीत ने जोश और उत्साह भर दिया है। उपचुनाव की इस जीत के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2013, 2015, 2020 के बाद आम आदमी पार्टी अब 2025 में दिल्ली चुनाव जीतकर लगातार सबसे ज्यादा सरकार बनाने का पार्टी इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के उपचुनाव का परिणाम दिल्ली चुनाव का सेमीफाइनल है। यह परिणाम 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव का भी सेमीफाइनल था। जनता ने बता दिया कि आप सरकार अच्छा काम कर रही है।

केजरीवाल ने आगे कहा कि आप ने पंजाब में 4 में से 3 सीटों पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। इस सीटों को 2022 की आंधी में भी हम नहीं जीत पाए थे। आप के संयोजक ने साथ ही कहा कि क्या है यह मॉडल ऑफ गर्वनेंस? यह मॉडल ऑफ गर्वनेंस है कि आम आदमी की दिन पर दिन की सहूलियत, आम आदमी की जिंदगी को कैसे बेहतर किया जाए। अभी तक इस देश के अंदर 70 साल में दूसरी पार्टियां इस बारे में बात ही नहीं करती थीं। जनता की सहूलियत, बिजली, पानी, सड़क, इनकी बात ही नहीं करती थी। पहली बार हमने दिल्ली में 24 घंटे बिजली दी। हमने बिजली मुफ्त कर दी।

दिल्ली के लोग यही चाहते हैं

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने पानी मुफ्त कर दिया। हमने बच्चों के लिए शानदार स्कूल बना दिए। एक आम आदमी क्या चाहता है? वो यही तो चाहता है कि उसका बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़ें उन्हें अच्छी शिक्षा मिले। पहले आम आदमी अपना पेट काटकर बच्चों को प्राइवेट स्कूल में भेजता था। अब आम आदमी ने अपने बच्चों को दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों में भेजना बंद कर दियाय सरकारी स्कूल इतने शानदार बन गए। एक आम आदमी यही तो चाहता है कि घर में कोई बीमार हो जाए तो उसका अच्छा इलाज हो जाए। उसके लिए हमने शानदार सरकारी अस्पताल बना दिए. मोहल्ला क्लीनिक बना दिया और उनका सारा इलाज मुफ्त कर दिया. बसों के अंदर महिलाओं का किराया मुफ्त कर दिया।पंजाब में भी अब दिल्ली का मॉडल पहुंच गया है।

# अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी

लखनऊ(संवाददाता)। समाज कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष ध्शैक्षिक सत्र 2024–25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 09–10) योजना के तहत अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु समय–सारिणी के अंतर्गत निर्धारित तिथियों को संशोधित करते हुए समय–सारिणी जारी की है।संशोधित समय–सारिणी के अनुसार विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा 31 दिसम्बर, 2024 तक तैयार किया जायेगा तथा पी0एफ0एम0एस0 पर छात्रों का वैलिडेशन 17 फरवरी, 2025 तक होगा। जारी संशोधन के अनुसार कक्षा 09–10 के छात्र–छात्राओं द्वारा 10 जनवरी, 2025 तक रजिस्ट्रेशन, 13 जनवरी, 2025 तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन, 15 जनवरी,2025 तक फाइनल प्रिंट आउट निकालना, 17 जनवरी, 2025 तक छात्र–छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी वांछित संलग्नों सहित विद्यालय में जमा किया जाना एवं 20 जनवरी, 2025 तक विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 21 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक वास्तविक छात्रों का सत्यापन, 21 जनवरी से 28 जनवरी, 2025 तक एन0आई0सी द्वारा स्क्रूटनी, 29 जनवरी से 03 फरवरी तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करना, त्रुटियों के संशोधन के बाद विलम्बतम् छात्रों द्वारा सही आवेदन को विद्यालय में 05 फरवरी, 2025 तक जमा करना, 07 फरवरी तक संस्था द्वारा पुनःअग्रसारित कराना, 10 फरवरी से 13 फरवरी, 2025 तक एन0आई0सी द्वारा पुनः स्क्रूटनी, 29 जनवरी से 24 फरवरी, 2025 तक जनपदीय समिति द्वारा शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा लॉक करना, 26 फरवरी, 2025 तक मांग सृजित कराना होगा, 28 फरवरी, 2025 तक जनपदीय स्तर विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से लॉक डाटा के आधार पर पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से छात्र–छात्राओं को धनराशि का भुगतान किया जायेगा।इस संबंध में जारी संशोधित समय–सारिणी का निदेशक, समाज कल्याण एवं निदेशक, जनजाति विकास विभाग को अपने स्तर से प्रचार–प्रसार कराते हुए वित्तीय वर्ष ध्शैक्षिक सत्र 2024–25 में अनुसूचित जातिध् अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं।उल्लेखनीय है कि कक्षा 10 में अध्ययनरत नवीनीकरण के छात्रों हेतु संस्था स्तर से केवल कक्षा 10 में प्रवेश की तिथि तथा गत कक्षा 09 का परीक्षाफल अंकित करते हुए आवेदन ऑनलाइन अग्रसारण किया जायेगा।

# दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान में अग्नि आपदा प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

लखनऊ(संवाददाता)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा विभिन्न विकासपरक व अन्य शासकीय योजनाओं को मुकम्मल अन्जाम देने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर सतत् रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्र०अपर निदेशक बी डी चौधरी ने बताया कि इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बी०के०टी०, लखनऊ में आयोजित 'अग्नि आपदा प्रबन्धन' राज्य स्तरीय 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदारध्नायब तहसीलदार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्साधिकारी, तथा आपदा विशेषज्ञों सहित लगभग 60 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर संस्थान के अपर निदेशक(प्र0), बी0डी0 चौधरी, डॉ0 अदिति उमराव, परियोजना निदेशक(ई0आ0), राहत आयुक्त कार्यालय, डॉ0 एस0के0 सिंह, सहायक निदेशक, संजय कुमार, सहायक निदेशक, कुमार दीपक, सलाहकार आ0प्र0 उपस्थित रहे। उद्घाटन उद्बोधन में अपर निदेशक(प्र0), बी0डी0 चौधरी ने प्रतिभागियों से अग्नि आपदा प्रबन्धन सम्बन्धित अपने ज्ञान के आलोक में अपने जनपद हेतु अग्नि आपदा प्रबन्धन योजना निर्माण का कार्य को सफलता पूर्वक निर्वहन हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्नि आपदा के दौरान भीड़ प्रबंधन पर विशेष जानकारी, विभिन्न प्रकार की अग्नि काण्डध्दुर्घटना सम्बन्धित प्रबन्धन योजना एवं विद्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, कार्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, सार्वजनिक स्थल अग्नि प्रबन्धन योजना, गृह अग्नि प्रबन्धन योजना निर्माण सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया एवं समूह चर्चा द्वारा विषय–वस्तु की जानकारी साझा गयी। बताया गया कि उ0प्र0 शासन द्वारा राज्य आपदा मोचक निधि एव राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि, निर्माण, प्रक्रिया एवं व्यवहारिक ज्ञान पर चर्चा, अंकेक्षण हेतु निर्देश, अग्नि आपदा प्रबंधन में पशुपालन विभाग, पशु चिकित्सालय एवं चिकित्सकों के दायित्व, दावानल (जंगल की आग), खेत में लगी आग सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान जायेंगी। एस0डी0आर0एफ0 टीम एवं अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि के विषय में विशेष जानकारी एवं हैण्डऑन ट्रेनिंग अभ्यास द्वारा प्रतिभागियों को अग्नि दुर्घटना बचाव सम्बन्धित तकनीकियां सिखायी जायेंगी। प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण उपरान्त 04 समूहों में विद्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, कार्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, सार्वजनिक स्थल अग्नि प्रबन्धन योजना, गृह अग्नि प्रबन्धन योजना का निर्माण किया जाना है।

# हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान - केशव प्रसाद मौर्य

## जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाय, जवाबदेही

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम



लखनऊ(संवाददाता)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7–कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक–एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार–बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक–एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना ।

जनता दर्शन में लगभग 2 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के जिला अधिकारियो, वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

# अयोध्या से प्रयागराज और नैमिषारण्य को जोड़ने वाली उड़ानों की योजना- पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तथा वन पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरूण कुमार सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ से दुधवा के बीच हेली सर्विस का शुभारंभ किया। इस वायुयान सेवा से राज्य के इको–टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यटकों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। दोनो मंत्रियों ने आज प्रातः चौधरी चरण सिंह अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल–3 से पहली उड़ान से लखीमपुर के पलिया हवाई पट्टी के लिए रवाना हुए।लखनऊ से पलिया तक हवाई सेवा के शुभारंभ के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रकृति के साथ तारतम्य बैठाते हुए एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया है। इसी को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार द्वारा इको–टूरिज्म बोर्ड का गठन किया गया है, जो प्रदेश के टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क के आस–पास पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। दुधवा नेशनल पार्क, चूका बीच, पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा अन्य पर्यटन स्थलों तक सुविधाजनक यात्रा के लिए सड़क, रेल और हवाई संपर्क में लगातार सुधार किया जा रहा है। इको–टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पर्यटको को दर्शनीय स्थलों तक कम समय में जाने के लिए हेली सेवायें प्रारंभ करने के निर्देश दिये थे। उत्तर प्रदेश जैसे प्राकृतिक विविधता पूर्ण प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने में यह सेवा मील का पत्थर साबित होगी। इसको सुचारू तथा निरंतर कार्यरत बनाने के लिए मेसर्स जेटसर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया गया था। उन्होंने कहा कि पहले लखनऊ से दुधवा तक सड़क मार्ग से यात्रा करने में साढ़े चार घंटे से अधिक का समय लगता था। अब यह दूरी हेली सर्विस के माध्यम से एक घंटे में तय की जा सकती है। इससे घरेलू पर्यटकों के साथ–साथ विदेशी पर्यटकों को लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अयोध्या से प्रयागराज और नैमिषारण्य के लिए हवाई सेवायें शुरू करने की योजना बना रही है। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन अरुण कुमार सक्सेना ने कहा, 'उत्तर प्रदेश दुधवा, पीलीभीत, चूका और कतर्नियाघाट में अपने इको–टूरिज्म केंद्र पर बड़ी संख्या में पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। सरकार ने अमानगढ़ और रानीपुर में दो नए टाइगर रिजर्व भी अधिसूचित किए हैं। दुधवा और पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिन 10 लोगों से मैं मिलता हूं, उनमें से कम से कम आठ यह बताते हैं कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के जंगलों में बाघ देखा। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि महाकुंभ– 2025 में वर्ष 2019 की तुलना में अधिक पर्यटक आएंगे। यह हमारे राज्य की जैव विविधता को प्रदर्शित करने का एक बड़ा अवसर होगा।' इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब निदेशक, पर्यटन प्रखर मिश्रा सेवाप्रदाता फ्लाई ओला ग्रुप के महानिदेशक और एमडी0 एस0 राम ओला तथा संजय वास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन जीव उ0प्र0 सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मीरां शाह वेलफेयर सोसायटी ने कराया नातिया मुकाबला का आयोजन

लखनऊ(संवाददाता)।मीरा शाह वेलफेयर सोसाइटी के तहत चिनहट स्थित दरगाह मीरा शाह में नात ख्वानी का सालाना मुकाबला हुआ।दो चरणों में हुए मुकाबले में 2 दर्जनों शिक्षण संस्थानों के 10 दर्जन छात्र–छात्राओं ने भाग लेकर अपनी क्षमता, प्रतिभा एवं रुचि का परिचय दिया। प्रतियोगिता दरगाह के सज्जादानशीन एवं संरक्षक सैयद मोहम्मद अतीक शाह की देखरेख में हुई।पहले छात्राओं, फिर छात्रों ने नातें पेश की। निर्णायक दल के फैसले से दोनों ग्रुपों के 10–10 टॉपर्स को दूसरे चरण में नात पढ़ने का मौका दिया गया।दूसरे चरण में सभी प्रतिभागियों से धार्मिक और ऐतिहासिक जानकारी पर आधारित प्रश्न पूछे गए।जिन प्रश्नों का उत्तर छात्र नहीं दे सके, वे प्रश्न दर्शकों से पूछे गए। प्रतियोगिता का यह चरण अत्यंत रोचक एवं आकर्षक रहा। जवाब देने के लिए विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके अभिभावक भी काफी उत्साहित दिखे। प्रतियोगिता में छात्राओं के समूह में इकरा, उजमा,महिम बानो को पहले तीन स्थान प्राप्त हुए। जबकि छात्रों के समूह में फजल हुसैन, तहसीन रजा, मोहम्मद अनस और साकिब अली को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पाने वाले विजेताओं को एक शील्ड, प्रमाण पत्र और एक वर्ष की फीस का चेक दिया गया। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे विजेताओं को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और नकद इनाम दिए गये। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को मेडल और गर्म कम्बल प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली, लखनऊ शहर अध्यक्ष डा0 शादाब आलम,सेवा निृवत आईपीएस रुचिता चौधरी,उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी,महामंत्री अब्दुल वहीद ,सै0 आरिफ मियां कादरी नक्शबंदी, मुहम्मद इमरान खान, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कालेज के प्रबंधक नवेद सिद्दीकी,सलाहुद्दीन शिबू एडवोकेट,अनवर आलम, मुजीबुर्रहमान, मुहम्मद जमाल, , शबाब नूर, शादाब रजा, जमील मलिक, मुहम्मद शोएब, महमुदुर्रहमान पम्मू,सलमा उबैद डा0 लुबना कमाल,इफतेखार अहमद भी शामिल हुए और उन्हें सोसाईटी की ओर से शाल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इन अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन मुहम्मद गफरान नसीम ने किया। इस मौके पर दरगाह मस्जिद के इमाम कारी अब्दुल कलाम, दरगाह मदरसे के प्रिंसपल मौलाना अबुल कलाम, हाफिज मुहम्मद आरिफ, दरगाह कमेटी की सचिव डॉ. खुशनमा अतीक, शबाना, शगुफ्ता, प्रीति ने भी निर्णायक की भूमिका निभायी। इस दौरान बीमारी के बावजूद सोसायटी के संरक्षक सैयद मुहम्मद शफीक शाह भी मौजूद रहे। उनके स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की गई.। रात्रि 12.30 बजे तक चली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इससे पर्वू सुबह दरगाह में कुरआन ख्वानी हुई और कुल शरीफ हुआ। दिन भी लंगर भी चलता रहा।

# प्रदेश के 09 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित

लखनऊ(संवाददाता)। उ0प्र0 के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2025 के आधार पर प्रदेश के 09 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। 16–मीरापुर, 29–कुन्दरकी, 86–गाजियाबाद, 71–खैर(अ0जा0), 110–करहल, 213–सीसामऊ, 256–फूलपुर, 277–कटेहरी तथा 397–मझवां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27 नवम्बर, 2024 को आलेख प्रकाशन किया जायेगा।27 नवम्बर से 12 दिसम्बर, 2024 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की गयी है। इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में 30 नवम्बर तथा 08 दिसम्बर, 2024 को विशेष अभियान तिथियां हैं। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी, 2025 को किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य से संबंद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों आदि को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि 27 नवम्बर, 2024 से 06 जनवरी, 2025 तक के मध्य स्थानान्तरित करने पर रोक लगाई गयी है।

# गांवों में निर्मित अमृत सरोवरों पर मनाया जाएगा संविधान दिवस

लखनऊ(संवाददाता)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 26 नवंबर 2024 को प्रदेश की ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। संविधान दिवस के अवसर पर गांवों में बने अमृत सरोवर स्थलों पर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद कर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जाएगा। ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त जनपदों को संविधान दिवस मनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिये हैं। मुख्यालय से जारी पत्र में सभी जनपदों से कहा गया कि संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर समस्त अमृत सरोवर स्थलों पर 26 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे जनभागीदारी कराते हुए संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया जाए। पत्र में कहा गया कि अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, सरकारी अधिकारी–कर्मचारी एवं स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन को हम हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाते हैं। संविधान दिवस एक राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाने वाले पर्व है, भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। प्रत्येक पृष्ठभूमि के लोगों तक इस आवश्यक ज्ञान की पहुँच हो, इसलिए विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों में निर्मित किये गये अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी द्वारा अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों सरकारी अधिकारीध्कर्मचारी एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता कराते हुए संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

# सम्मानित किए गए छात्र व प्रबंधक कृपा राम जनजागृति स्कूल – बहराइच

जिला बहराइच अंतर्गत नानपारा में स्थित श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल में स्काउट गाइड रैली में प्रतिभाग बच्चों व प्राचार्य को पुरस्कृत किया। तीन दिवसीय स्काउट गाइड रैली आयोजन में श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल अगैय्या के बच्चों व अध्यापकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया था और आयोजन में बच्चों को शिल्ड व पुरस्कार व मेंडल दिया गया था जिसका आज विद्यालय में प्राचार्य श्री कृपा राम गुप्ता के द्वारा पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर स्काउट गाइड गान भी बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेना के जवान व अध्यापक शिवा सोनी,राम निवास यादव, प्रमोद यादव, अभिलाष यादव,राम प्रकाश व स्काउट गाइड प्रमुख राजेश राना व अतिथि गण उपस्थित रहे।



# उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

लखनऊ(संवाददाता)। उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव शिव लाल ने बताया कि वर्ष 2025 की पूर्व मध्यमा द्वितीय (दसवीं), उत्तर मध्यमा प्रथम (ग्यारहवीं), उत्तर मध्यमा द्वितीय (बारहवीं) पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक 09 कार्यदिवसों में परीक्षाएं सम्पन्न करायी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय व उत्तर मध्यमा प्रथम की परीक्षायें प्रातः 08:30 बजे से 11:45 तक आयोजित की जायेगी। द्वितीय पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षाएं अपराह्न 02 बजे से 05:15 सायं तक आयोजित की जायेगी। संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सचिव ने बताया कि पाठयक्रमों में 56728 छात्र पंजीकृत हैं, जिसमें 41960 बालक तथा 14768 बालिकायें परीक्षा में सम्मिलित होगी। पूर्व मध्यमा द्वितीय में 24583 छात्र पंजीकृत हैं, जिसमें 18403 बालक तथा 6180 बालिकायें हैं। उत्तर मध्यमा प्रथम में 19724 छात्र पंजीकृत हैं, जिसमें 14549 बालक तथा 5175 बालिकायें हैं। उत्तर मध्यमा द्वितीय में 12421 छात्र पंजीकृत हैं, जिसमें 9008 बालक तथा 3413 बालिकायें हैं।

# कराटे चैम्पियनशिप में सी. एम.एस. छात्रा ने जीता गोल्ड

लखनऊ, 27 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की कक्षा–3 की प्रतिभाशाली छात्रा जीतिशा श्रीवास्तव ने नेशनल सब जूनियर डिस्ट्रिक्ट कराटे चौम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चौम्पियनशिप का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के तत्वावधान में चौक स्टेडियम, लखनऊ में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चौम्पियनशिप में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती–फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।





# इजराइल भेजे जाने वाले श्रमिकों के स्किल टेस्ट की तैयारियां पूर्ण

लखनऊ(संवाददाता)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज लखनऊ में श्रमिकों को इजराइल भेजने की प्रक्रिया के अंतर्गत स्किल टेस्ट की तैयारियों का सोमवार को निदेशक नेहा प्रकाश (आईएएस) ने निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक व्यावसायिक शिक्षा, अपर निदेशक सेवायोजन और संयुक्त निदेशक लखनऊ मंडल भी मौजूद रहे। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। इजराइल में रोजगार के लिए जाने वाले श्रमिक 26 नवंबर, 2024 से अपना एडमिट कार्ड लेकर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज में स्किल टेस्ट में भाग ले सकते हैं। यह प्रक्रिया सभी श्रमिकों की योग्यता और कौशल का आकलन सुनिश्चित करेगी।

# त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत कानपुर देहात एवं गाजियाबाद हेतु 38.66 लाख रूपये मंजूर

लखनऊ(संवाददाता)। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद कानपुर देहात एवं गाजियाबाद में सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों हेतु कुल 38.66 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, कानपुर देहात एवं गाजियाबाद के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेशों की प्रतियां संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी को भेज दी गई हैं। शासनादेश के अनुसार जनपद कानपुर देहात के विधान सभा सिकंदरा में संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 27.83 लाख रूपये तथा जनपद गाजियाबाद में विकास खंड भोजपुर के ग्राम पलोता में सरकारी प्राइमरी स्कूल से अंबेडकर पार्क होते हुए मंगत जाटव के मकान तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु 10.83 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

# विज्ञान नगरीय पहुंचे बच्चे, ली जानकारी



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी (एजेंसी)। ब्लॉक संसाधन केंद्र से परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान एक्सपोजर भ्रमण के तहत आंचलिक विज्ञान नगरी में पहुंचकर बच्चों ने तमाम जानकारियां हासिल की। सिरौलीगौसपुर ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के 100 छात्र–छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में आशुतोष आनन्द, अभिषेक सिंह, बृजेश शुक्ला, विकास जायसवाल, शोएब अहमद, धर्मराज, फरीदा खातून, शाइस्ता आफरीन, रीना कुमारी, सारिका कनौजिया, प्रह्लाद कुमार कनौजिया, आशुतोष कुमार, संजय, दौलत राम आदि ने बच्चों को जानकारी दी। भ्रमण पर गए बच्चों को आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ में साइमैक्स थिएटर, थ्री डी प्रेक्षागृह, अंडर वाटर एक्सप्लोरेशन, जैव प्रौद्योगिकी क्रांति, अंतरिक्ष प्रदर्शनी, तारामंडल ग्रहण विज्ञान, द्रव्य विज्ञान, फन साइंस गैलरी के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल कर वापस पहुंचने पर अपने सहपाठियों को मिली जानकारियों का आदान प्रदान किया।

# एलयूसीसी कम्पनी के कार्यालय में लटका ताला, उपभोक्ताओं के फंसे लाखों रुपए

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। क्षेत्र में संचालित एलयूसीसी कंपनी का कार्यालय बंद। लाखों रुपए उपभोक्ताओं के कंपनी में फंसे। कोतवाली बदोसराय में पीड़ित महिला ने दर्ज कराया मुकदमा। कंपनी के फरार होने की भनक से निवेशकों के होश उड़ गए हैं। पुलिस जांच शुरू कर दिया है। महिला ने आरोप लगाया कि 84 माह में पैसा दुगना करने का झांसा देकर एजेंट ने पैसा जमा करवाए थे। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम बरोलिया निवासी किरन वर्मा का आरोप है कि उनके गांव के रहने वाले रामनरेश वर्मा ने फर्जी कंपनी द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी कंपनी एलयूसीसी चलाते हैं। 23 दिसंबर 2021 को उनको लालच दिया गया की 1.25 लाख रुपए जमा करने पर 84 माह के बाद में 2.70 लाख रुपए मिलेंगे। झांसे में आकर महिला ने 1.25 लाख रुपए दिए कुछ दिन बाद उन्हें एक लाख का बांड दिया गया। 25 हजार कम की बात कही तो आरोपित ने कहा कि भुगतान होने पर मिलेगा। 2 अगस्त 24 को रामनरेश पीडिता के घर जाकर बांड अपडेट करने का झांसा देखकर बांड व आधार कार्ड ले गया। कुछ दिन बाद बांड वापस कर दिया। तमाम अफवाहें सुनकर 13 नवंबर 24 की शाम को पीड़िता ने आरोपित ने व्यक्ति से रुपए मांगने गई तो उसके पुत्र अमन व गुलशन भड़क गए और भगा दिया। 20 नवंबर को रामनरेश व उसकी पत्नी अनारकली पुत्र गुलशन व अमन पुत्री लक्ष्मी वर्मा और दामाद देवेंद्र वर्मा आदि ने पुत्री वैष्णवी को गाली देते हुए मारा और हत्या की धमकी थी। पीडित महिला ने वहां से लौटकर कोतवाली पहुंची केस दर्ज करा दिया है। थाना सफदरगंज क्षेत्र के सैदनपुर कस्बे में 5 वर्षों से एलयूसीसी का बोर्ड लगाकर कार्यालय संचालित किया जा रहा था। 15 दिनों से यहां पर कोई भी कर्मचारी नहीं आ रहा है कार्यालय बंद रहता है। जिसके बाद से कंपनी में पैसा जमा करने वाले विकास मौर्य, अजय, सुभम, आकाश आदि ने बताया कि समय पूरा होने के बावजूद कम्पनी पैसा वापस नहीं कर रही है। हम लोग काफी परेशान हैं। इस संबंध में कोतवाली बदोसराय थाना अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# ट्रैक्टर ने आटो रिक्षा में मारी टक्कर, बालिका की मौत, वृद्धा गम्भीर

रामनगर बाराबंकी (एजेंसी)। गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली व ऑटो रिक्शा में हुई भिड़ंत के चलते एक बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। तथा एक साठ वर्षीय बृद्धा बुरी तरह से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गई। प्राप्त विवरण के अनुसार बीते शनिवार की रात्रि गरीब 9 बजे थाना रामनगर के ग्राम बड़नपुर निवासिनी 60 वर्षीया सुंदारा पत्नी कल्लू अपनी 12 वर्षीय पोती गुनगुन पुत्री राजेश कुमार के साथ कस्बा रामनगर से ऑटो रिक्शा पर बैठकर अपने घर जा रही थी जब ऑटो रिक्शा महादेवा पहुंचा तो सामने से गन्ना लादकर तेज रफ्तार आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते ऑटो सवार बालिका गुनगुन पहिए के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा सुंदारा भी गंभीर रूप से घायल हो गई ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया घटना की सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष त्रिपाठी ने घायल वृद्धा को इलाज के लिए सीएचसी रामनगर ले गए। पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली व ऑटो रिक्शा को अपने कब्जे में लेकर मृतका के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# धूमधाम से निकली कलष यात्रा, बैजनाथ ने उतारी आरती

सूरतगंज बाराबंकी (एजेंसी)। रविवार को कस्बा सूरतगंज के दशहरा मैदान में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने देव कलश की आरती की। गायत्री परिवार के ब्लॉक संयोजक रमेश मौर्य ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र अर्पित कर स्वागत किया। इस दौरों सैकड़ो पीत वस्त्रधारी बहनों माताओं व भाइयों ने आयोजन में भागीदारी की। नशा रक्षा एवं दहेज दानव के पुतलों को कस्बे में घुमा कर मुख्य अतिथि के कर कमलों से दहन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में बताया कि युवाओं को अपसंस्कृति से बचाना एक कठिन चुनौती है। जिसे स्वीकार करना होगा। इस प्रतिकूल समय में गायत्री परिवार व्यापक एवं प्रासंगिक भूमिका का निर्वहन कर रहा है। गायत्री शक्तिपीठ बाराबंकी के ट्रस्टी श्री ने समय–समय पर ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कहा कलश यात्रा में पान– मसाला, मौत– मसाला। गुटखा खाओ– गाल गलाओ। अनाचार का अंत हो– दहेज प्रथा बंद हो। पर्यावरण की रक्षा–जीवन सुरक्षा आदि स्लोगन की तख्ती लिए हुए श्रद्धालु जन जन–जागृति का संदेश दे रहे थे। कलश पूजन कार्यक्रम बलराज सिंह, चक्रेश पांडेय एवं मिथुन त्रिवेदी की टोली ने संपन्न कराया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार बारी, आशा वर्मा, रागिनी सिंह, सविता मौर्य, शांति देवी, मीरा देवी, राजकुमारी वर्मा, मैकूलाल गुप्ता वेद प्रकाश गुप्ता, शोभाराम दिनेश बाजपेई, मौनी बाबा, चंद्रभाल वर्मा, राम विजय पांडे, महेश शर्मा, सतीश प्रताप सिंह, उमेश वर्मा, रमेश वर्मा, रामसेवक यादव, कृष्ण मुरारी पाल, नेम कुमार गुप्ता, आनन्द वर्मा केदारनाथ वर्मा सत्यनाम मौर्य, नरेंद्र वर्मा, शरद जायसवाल, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# रसोइयां पाक कला प्रतियोगिता में फतेहपुर की रीना प्रथम

### हैदरगढ़ द्वितीय तथा रामनगर विकास खण्ड तीसरे स्थान पर

### बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गयी जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता



बाराबंकी (एजेंसी)। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने तथा रसोइयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार 24 नवम्बर 2024 को जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजनान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरांत डॉ. पीयूष कुमार जिला समन्वयक पीएम पोषणयोजना ने पाक कला प्रतियोगिता के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। जनपद के समस्त विकास खण्डों से कुल 30 रसोइयों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें से 24 रसोइयां प्रतियोगिता में उपस्थित हुए। भोजन के लिए मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार पर्चियां तैयार की गयी, जिसमें से लाटरी के माध्यम से तहरी का चयन किया गया। प्रतियोगिता में भोजन पकाने हेतु सभी प्रतिभागियों को भोजन बनाने की सामग्री उपलब्ध करायी गयी। रसोइयों ने अपने–अपने स्टॉल पर भोजन पकाना प्रारम्भ किया। इस दौरान निर्णायक मण्डल के सदस्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी, प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी सुश्री मनोरमा चौरसिया, राजकीय बालिका इंटर कालेज गृह विज्ञान प्रवक्ता प्राची शुक्ला, प्रतिष्ठित होटल के शेफ रवि कुंवर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजू यादव, चिकित्सा विभाग से स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में डॉ. शुचिता शुक्ला एवं विकास खण्ड बंकी के 10 छात्र छात्राओं द्वारा प्रत्येक स्टाल पर जाकर भोजन पकाने के दौरान स्वच्छता तथा पके हुए भोजन को चख कर भोजन का स्वाद, पौष्टिक तत्व एवं रसोइयों के व्यवहार आदि का आकलन करते हुए 6 बिन्दुओं पर अंक प्रदान किये गए। निर्णायक मण्डल द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर विकास खण्ड फतेहपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर की रीना देवी प्रथम स्थान पर रहीं, वहीं हैदरगढ़ विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय किरसिया की रसोइयां हेमलता सिंह द्वितीय तथा विकास खण्ड रामनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरवारी की रसोइयां सावित्री तृतीय स्थान पर रहीं। सभी 24 रसोइयों को यात्राभत्ता के रूप में 300–300 रुपए प्रदान किये गये। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राम नारायण यादव, संजय राय, संजय कुमार, जैनेन्द्र गुप्ता, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, सुषमा यादव, पारूल शुक्ला, ऋषि टण्डन, अभिषेक सिंह, विवेक वर्मा, दिवाकर अवस्थी, विशाल कुमार, ऋतु अग्निहोत्री, आशीष कुमार वर्मा, ब्लॉक एमआईएस अमित कुमार व सूर्य प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आदिवासी सब प्लान का पैसा बाट दिया जा रहा है कार्पोरेट घरानों को

म्योरपुर,सोनभद्र(एजेंसी), आदिवासियों के विकास के लिए बजट से दिया जाने वाला सब प्लान का पैसा देश के चुनिंदा कार्पोरेट घरानों को केंद्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस पैसे को नेशनल हाईवे, रोड ट्रांसपोर्ट, टेलीकम्युनिकेशंस, टेलीफोन टावर और लाइन लगाने, भारत नेट, न्यू एंड रिनवल एनर्जी, सोलर पावर, यूरिया, न्यू ट्रीटमेंट खाद, सेमीकंडक्टर निर्माण आदि कार्यों में सरकार बांटने में लगी है। इनका कोई सीधा संबंध आदिवासियों और दलितों के विकास से नहीं है। आज हालत इतनी बुरी है कि शिक्षा के अभाव के कारण सरकारी नौकरियों में एसटी के लिए आरक्षित सीटें खाली ह जा रही है। इसलिए उनके आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर देना होगा और आरक्षण के साथ जमीन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति जैसे मदों पर धन के आवंटन को बढ़ाना होगा।



उक्त बातें ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने रासपहरी में आयोजित तहसील कमेटी की बैठक में कहीं। बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त को अनुसूचित जाति–जनजाति के उप वर्गीकरण के फैसले पर 8 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में तय किया गया कि दुध्दी तहसील से भी प्रतिनिधि दिल्ली सम्मेलन में हिस्सेदारी करेंगे। बैठक की अध्यक्षता मजदूर किसान मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गोंड और संचालन एआईपीएफ के जिला संयोजक कृपा शंकर पनिका ने किया। बैठक में इस बात पर गहरा शोभ व्यक्त किया गया की सरकार ने आदिवासियों के रोजगार के लिए बने मनरेगा के मद में राष्ट्रीय स्तर पर करीब 1100 करोड रुपए की कटौती कर दी है। इसी प्रकार जन आरोग्य योजना आयुष्मान कार्ड के मद को भी घटा दिया गया है। आदिवासी बच्चों के मेडिकल एजुकेशन के बजट में करीब 4500 करोड रुपए और स्वास्थ्य के कुल बजट में कटौती की गई है। आदिवासी छात्राओं के छात्रावास के लिए महज 10 लाख रुपए बजट में आवंटित किए गए हैं। आदिवासी बच्चों की रिसर्च फेलोशिप के बजट में 4 करोड रुपए की कटौती की गई है और आईआईटी में पढ़ने वाले आदिवासी बच्चों की सहायता के लिए में 20 करोड़ की कटौती की गई है। यहां तक कि जो पैसा मुफ्त अनाज के लिए आवंटित किया जाता है उसमें भी करीब 2600 करोड रुपए की कटौती की गई है। इस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आदिवासियों पर चौतरफा हमला बोला है। बैठक में कहा गया कि बिरसा मुंडा के नाम पर गांव–गांव आरएसएस और भाजपा द्वारा आयोजित किये जा रहे जनजातीय सम्मेलन महज नाटक है। सच्चाई यह है कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों की जमीन, उनके लिए बजट में आवंटित धन और उनके विकास को सूदखोरों, ठेकेदारों और कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने में लगी है। इसीलिए इनसे सचेत रहने की जरूरत है। बैठक में एआईपीएफ जिला सचिव इंद्रदेव खरवार, जिला प्रवक्ता मंगरु प्रसाद श्याम, मजदूर किसान मंच के तहसील संयोजक रामचंद्र पटेल, युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड, जिला अध्यक्ष रूबी गोंड, ठेका मजदूर यूनियन के जिला मंत्री तेजधारी गुप्ता, गुंजा गोंड, सुगवंती गोंड, राजकुमारी गोंड, मनोहर गोंड रामविचार गोंड, महावीर गोंड, बिरझन गोंड, तुलसी गोंड आदि ने अपनी बात रखी।

# विधालयो में बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता: जिलाधिकारी

### ---- बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों, योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

कुशीनगर, । जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित निपुण भारत मिशन एवं विभागीय योजनाओं के प्रभावी कियान्वयन की समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स सहित सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशन में स्कूल सुरक्षा नीति 2016 के अनुपालन, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 तथा एनएटी 2024 आयोजन की कार्ययोजना एवं पलाइंग स्क्वाड टीम के गठन एवं निरीक्षण की कार्यवाही सम्पन्न किए जाने संबंधी आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

बैठक दौरान जनपद में शिक्षकों की संख्या, प्रा0विद्यालयों में 50 बच्चों से कम संख्या वाले विद्यालयों की संख्या तथा इसके कारणों, एसआरजी, एआरबी द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण की जानकारी सहित शिक्षकों की उपस्थिति व विद्यार्थियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया गया। इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा अधिक अवकाश लिए जाने वाले खण्ड शिक्षा अधिकारियों से पुछ ताछ की गई। इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में 392 शिक्षकों का वेतन बाधित करने सहित 5 शिक्षकों को निलंबित किए जाने की जानकारी बीएसए द्वारा दी गई। जिलाधिकारी ने बच्चों की कम उपस्थिति वाले खण्ड शिक्षा अधिकारियों से जवाब तलब किया गया तथा नियमित भ्रमण कर बच्चों की संख्या बढ़ाए जाने हेतु सभी आवश्यक उपायों को अम्ल में लाए जाने का निर्देश दिए गए। विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के आयोजित होने वाले परीक्षाओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा 1770 विद्यालयों में होने वाली परीक्षाओं की जानकारी देने के दौरान बताया गया कि लर्निंग आउट के आधार पर प्रश्न पत्र होंगे। माध्यमिक समिति के गठन, राष्ट्रीय आपदा, निगरानी, अग्नि सुरक्षा, शिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, प्रत्येक 3 माह में बैठक का आयोजन किए जाने, जर्जर भवनों की स्थिति, विद्यालयों में सुरक्षा, साफ सफाई, विद्युत कनेक्शन में गड़बड़ी होने पर बचाव की जानकारी दी गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आपरेशन कायाकल्प अंतर्गत विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय, बालक, बालिका शौचालय निर्माण स्थिति की जानकारी ली गई। जिसके अंतर्गत जो भी अवशेष हैं। उन्हें शीघ्र पूर्ण कराए जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए। इसी प्रकार विद्यालयों के चहार दिवारी के स्थिति की भी जानकारी ली गई। आधार सत्यापन के प्रगति दौरान 8836 का लंबित बताया गया। तथा 7439 बच्चों का अभी तक आधार न बनने की जानकारी दी है। जिस पर आधार बनाने वाले फर्म से पुछ ताछ कर मशीनों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्माणाधीन विद्यालयों की समीक्षा के दौरान सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में मध्यान्ह भोजन, रसोइया का मंडे भुगतान, माध्यमिक शिक्षा अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी, शासकीय विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में पीडी जगदीश त्रिपाठी, डीडीओ कल्पना मिश्रा, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, डीपीओ विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी शैलेंद्र कुमार राय, डीईएसटीओ0 एस के सिंह, जिला दिव्यागंजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय पाण्डेय समेत समस्त खंड शिक्षा अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत विभिन्न बूथों का किया स्थलीय निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा निर्देश

कुशीनगर, । जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 24 नवम्बर दिन रविवार को पडरौना स्थित विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बूथ संख्या 241, 242 इंग्लिश मीडियम प्रा0वि0 सोहरौना, बूथ संख्या 289, 290 कार्यालय बंदोबस्त चकबंदी छावनी, बूथ संख्या 257 से 263 उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) पडरौना में निर्मित बूथों का निरीक्षण कर फार्म 6,7, एवं 8 की संख्या तथा बूथ लेवल ऑफिसर्स के द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही एवं अब तक जोड़े गए व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी द्वारा जोड़े गए विभिन्न बूथों पर विभिन्न व्यक्तियों की संख्या के बारे में जानकारी दी गई। इंग्लिश मीडियम प्रा0वि0 सोहरौना बूथ संख्या–242 के बी0एल0ओ0 गुंजन देवी मतदेय स्थल पर उपस्थित रही। निरीक्षण के समय बी0एल0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि इस बूथ पर कुल– मतदाता 787 एवं जेण्डर अनुपात 852– तथा ई0पी0 अनुपात –52.29 है। बी0एल0ओ0 के पास कुल फार्म–6 के 3 एवं फार्म–7 के 1 तथा फार्म–8 के 1 फार्म प्राप्त हुआ इस प्रकार कुल 5 फार्म प्राप्त हुआ है। इंग्लिश मीडियम प्रा0वि0 सोहरौना बूथ संख्या–241 के बी0एल0ओ0 सीमा सिंह मतदेय स्थल पर उपस्थित रही। बी0एल0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि इस बूथ पर कुल–814 मतदाता एवं जेण्डर अनुपात–837 तथा ई0पी0 अनुपात 55.55 है। निरीक्षण के समय बी0एल0ओ0 के पास कुल फार्म–6 के 3 एवं फार्म–7 के 1 तथा फार्म–8 के कोई फॉर्म प्राप्त नही हुआ इस प्रकार कुल 4 फार्म प्राप्त हुआ है। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र के स्थित विभिन्न व्यक्तियों जिनकी उम्र 01.01. 2025 के अनुसार 18 वर्ष पूर्ण हो जाएगी। उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जोड़ें तथा स्थानांतरित मतदाताओं एवं मृतक मतदाताओं का शिफ्टिंग एवं डीलीशन भी फॉर्म भरकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वे सभी योग्य व्यक्ति, जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूरी हो रही है। अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जिनका नाम किसी कारणवश अब तक सूची में शामिल नहीं हो सका है। वे भी फार्म–6 भरकर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के पास जमा कर सकते हैं। नाम दर्ज करने, हटाने या संशोधन के लिए फार्म–6, फार्म–7 और फार्म–8 का उपयोग किया जाएगा। ये फार्म संबंधित बीएलओ के पास उपलब्ध हैं। इच्छुक व्यक्ति अपना नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या टवजमत भ्मसचसपदम ।चच (व्संल ैजवतम पर उपलब्ध) के माध्यम से भी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, क्षेत्रीय लेखपाल योगेंद्र गुप्ता तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित

# समाज की बुनियादी विभाग विद्युत व जल निगम : सांसद

कुशीनगर, । समाज की बुनियादी जरूरतों में विद्युत विभाग एवं जल निगम विभाग है। केंद्र सरकार से सबसे अधिक बजट इसी विभाग को मिलता है। परंतु अभी भी समस्याएं अनेक हैं। जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों के प्रयास से ही सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा सकती है। आज हर घर में मोबाइल, टीवी मौजूद है। जिसके लिए विद्युत की आवश्यकता है। यदि जनता फोन कर रही है तो विद्युत विभाग के अधिकारियों को रिस्पॉन्स हर हाल में देना चाहिए। उक्त बातें कलेक्ट्रेट सभागार में क्षेत्रीय सांसद विजय कुमार दुबे ने केंद्रीकृत योजनाओं के अनुश्रवण हेतु डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता के लिए सबसे जरूरी आवश्यकताओं में बिजली और पानी मुहैया कराना है।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को खदेड़ा, पति सहित छः लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

फतेहपुर–बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र में शादी के बाद दहेज में बाइक अपाचे की मांग कर रहे ससुराल पक्ष के लोगों ने मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया। जिस पर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मामला कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम परशुराम पुरवा गदिया निवासी मो. सलीम की पुत्री शैदा बानों की शादी बीते 25 अप्रैल 2023 को इसी क्षेत्र के रसूलपनाह निवासी अब्दुल रऊफ के पुत्र अब्दुल सलाम से हुई थी। पीड़िता ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया, कि पति के अलावा ससुर रऊफ, सास तालमुलनिशाँ, चचिया ससुर हामिद, देवर अब्दुल कलाम, व ससुर की बहन रोशनजहां निवासी बसारा निकाह के समय ही अपाचे मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। किसी तरह रिश्तेदारों के समझाने पर निकाह को राजी हुए। लेकिन शादी के बाद से ही बाइक की मांग के लेकर हर रोज उसे प्रताड़ित करने के साथ साथ गाली गलौज कर उसकी पिटाई करने लगे। मांग पूरी न होने पर बीते 25 फरवरी 2024 को मायके से मिला उसका सारा सामान, जेवर आदि छीन कर उसे घर से भगा दिया। गौरतलब है विगत 11मार्च 2024 को पुलिस से शिकायत करने पर पुलिसिया कार्रवाई से डरकर ससुराल पक्ष के लोगों ने मजबूरी में समझौता कर उसे वापस ससुराल बुला ले गए। कुछ माह बीतने के बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने अपना असली रंग दिखाते हुए 20 नवम्बर 2024 को उसे मारपीट कर दूबारा भगा दिया। इसके बाद पिता व अन्य रिश्तेदारों ने ससुराल पक्ष के लोगों को काफी समझाया पर बिना बाइक मिले उसे वापस ले जाने बात पर अड़े रहे। प्रार्थना पत्र पर एसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। वही पुलिस ने पति समेत सभी लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शूरू कर दी है।

# राणी सती दादी मंदिर कमेटी की निकली कलश यात्रा

सोनभद्र(एजेंसी)। रावर्ट्सगंज नगर में रविवार कोश्री राणी सती दादी मंदिर कमेटी द्वारा मंगसिर नवमी के शुभ अवसर पर दो दिवसीय समारोह किया गया। उक्त अवसर पर दादी भक्तों द्वारा दादी जी की कलश यात्रा निकाली गई गयी एवं शृंगार, दर्शन पूजन के साथ ही रात्रि जागरण, छप्पन भोग, आरती आदि का आयोजन किया गया। रात्रि जागरण के तहत राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध भजन गायक प्रतीक मिश्रा एवं सुनीता साँवरिया उनके सहयोगियों द्वारा अनेक भजन गाए गए। भजन दादी दादी बोल दादी सुन लेसी, सुन लेसी दादी सुन लेसी स कीर्तन की है रात स दादी थान आनो पड़सी स मैं तेरा लाडला स हार के आया हूँ दादी तेरे दरबार में आदि भजनों से मंदिर परिसर पूरी रात भक्तिमय बना रहा तथा भक्त झूमते रहे। दूसरे दिन मंदिर कमेटी द्वारा दादी जी का फूल मालाओं से भव्य शृंगार कराय गया, दादी जी की ज्योती जलायी गई तथा छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विमल जालान, पुरुषोत्तम जालान, दिनेश जालान, रमेश गोयल, राकेश जालान, संकेत जालान, रवि जालान, विप्लव जालान, चित्रा जालान, अंकिता केजरीवाल, रितु जालान, रिंकी जालान, मीरा जालान, प्रतिभा कानोडिया, सीमा अग्रवाल, सोनी गुप्ता एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हार्टफुलनेस ध्यान से मिलती है आंतरिक शांति

सोनभद्र(एजेंसी)। जिला कारागार में रविवार को पुरुष एवं महिला बंदियों को हार्टफुलनेस ध्यान कराया गया। हार्टफुलनेस ध्यान के इस सत्र से बंदियों ने थोड़े समय में ही आंतरिक शांति का अनुभव किया। ट्रेनर द्वारा बंदियो को बताया गया कि ईश्वर सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान एवं अंतर्यामी है। ईश्वर के लिए हम इन शब्दों का प्रयोग करते हैं सुनते हैं लेकिन हमने अभी तक इसका अनुभव नहीं किया। हार्टफुलनेस ध्यान से हम ईश्वरीय तत्व का पहले अनुभव कर लेते और इस अनुभव से ही हमें ईश्वर के प्रति आस्था उत्पन्न हो जाती है। धर्म और आध्यात्मिकता में सिर्फ इतना ही फर्क है। जिन्होंने हार्टफुलनेस ध्यान का अनुभव किया है, उन्हें आंतरिक तुरंत महसूस होता है। आंतरिक शांति से विश्व शांति तभी स्थापित हो सकती है जब घर–घर में लोग हार्टफूलनेस ध्यान करेंगे। ट्रेनर–गोपाल के साथ वालंटियर के रूप में डॉक्टर वैभव शर्मा और अचला द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न किया कराया गया।

# अधिक मूल्य पर डीएपी खाद बेचने पर थाना शाहगंज में प्राथमिकी दर्ज

सोनभद्र(एजेंसी)। जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर हरिकृष्ण मिश्रा ने बताया कि रविवार को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्देश पर उर्वरक की दुकानों पर सचल दल टीमों द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें कृषकों को अधिक दर पर डीएपी खाद बेचने पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बताया कि उल्लेखनीय है कि कृषक लालजी पुत्र तपेशी निवासी ग्राम बालडीह तहसील घोरावल द्वारा बताया गया कि उन्होंने 1500रु में डीएपी खाद क्रय किया जबकि उसका निर्धारित मूल्य 1350रु ही है को मे0 परमेश्वर खाद भंडार शाहगंज प्रो0परमेश्वर सिंह से खरीदा गया। इसका प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए अधिनियम 1955 की धारा 3⁄7 के अंतर्गत इनके विरुद्ध थाना शाहगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई। जबकि जिलाधिकारी के निर्देश पर चतरा विकास खंड के अंतर्गत बेलखुरी ग्राम में स्थित मे0 खेती बारी बीज एवं खाद भंडार, प्रो0 परमेश्वर के दुकान की छापेमारी की गई जहां पर उर्वरकों की रेट सूची न प्रदर्शित होने, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर के अपडेट न होने के कारण इनके लाइसेंस को निरस्त किया गया। जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित सचल टीमें पूर्ण सक्रियता से उर्वरक के मूल्य एवं वितरण की निगरानी कर रही है। उर्वरकों को अधिक दर पर बेचने ओवर रेटिंग पर विक्रेताओं के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर)दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए है।

# संपादकीय

## अमेरिकी इतिहास में एक नए दौर की शुरुआत ट्रंप की जीत

डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने का विश्लेषण अभी लंबे समय तक जारी रहेगा। डोनाल्ड ट्रंप और उनके साथ अमेरिका ने भी इतिहास रच दिया। हर चुनाव में एक पक्ष जीतता और दूसरा हारता है लेकिन इसके मायने होते हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय और डेमोक्रेट कमला हैरिस की पराजय के साथ अमेरिकी इतिहास में एक नए दौर की शुरु आत हुई है।जिस डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका में केवल डेमोक्रेट ही नहीं उनकी अपनी पार्टी, मीडिया, पूंजीपतियों, थिंक टैंक, विविद्यालयों आदि का एक बड़ा समूह समाप्त करने के लिए पूरी शक्ति लगा चुका हो, वह वापस आकर इन सबको चुनौती दे और जीत का झंडा गाड़ दे तो इसे किसी दृष्टि से साधारण घटना नहीं माना जा सकता। मतदान समाप्त होने के साथ ही ट्रंप ने लिखा कि आज रात अमेरिका के लोगों ने बदलाव के लिए स्पष्ट जनादेश दिया।

ट्रंप और कमला हैरिस के बीच माना जा रहा था कि कांटे की टक्कर है। परिणाम ने इसे गलत साबित कर दिया। ट्रंप ने अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाया और कमला हैरिस पिछले चुनाव में बिडेन के मत की भी बराबरी नहीं कर पाई। 2020 में जिस जॉर्जिया से ट्रंप अत्यंत कम अंतर से हारे थे जब वहां का परिणाम उसके पक्ष में गया, फिर नॉर्थ कैरोलिना से उनके समर्थन का परिणाम आया तो लग गया कि अमेरिकी जनता का राजनीति और देश को लेकर मनोविज्ञान बदला है।

स्विंग माने जाने वाले अन्य राज्यों पेंसिलवेनिया, एरीजोना, मिशीगन, विस्कांसिन और नेवाडा में भी हैरिस को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। ट्रंप ने इलेक्टरल के अलावा पॉपुलर मतों के मामले में भी सफलता पाई जो उनके 2016 की जीत से अलग कहानी बताती है।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी ने 1992 के बाद ऐसा प्रदर्शन कभी नहीं किया था। अमेरिकी इतिहास में केवल 1892 में ग्रोवर क्लबैंड ही ऐसे राष्ट्रपति हुए जो 4 वर्ष के बाद फिर से चुने गए। इस तरह ट्रंप अमेरिकी इतिहास के ऐसे दूसरे व्यक्ति बन गए हैं। वास्तव में अनेक दृष्टि से यह असाधारण परिणाम है। ट्रंप को लोकतंत्र विरोधी, फासिस्ट साबित करने के लिए विरोधियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

आपराधिक आरोप के मुकदमे भी चले। अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार हुआ जब डेमोक्रेटिक ने अंतिम दौर में जो बाइडेन को उम्मीदवारी के दौर से हटाकर कमला हैरिस को सामने लाया। धन के मामले में भी कमला हैरिस ट्रंप से बहुत आगे निकल गई। मीडिया ने ऐसा वातावरण बनाया मानो ट्रंप पिछड़ चुके हैं।

परिणाम क्या आया? राष्ट्रपति चुनाव ही नहीं सीनेट में भी रिपब्लिकन को बहुमत मिला तथा प्रतिनिधि सभा में बेहतर स्थिति में आए। इसका निष्कर्ष यह है कि अमेरिका के लोगों ने ऐसा जनादेश दिया ताकि ट्रंप अपनी घोषणाओं या एजेंडे में किसी तरह के बड़े अवरोध का सामना करने से बचे रहे। समाज के जिस वर्ग का समर्थन डेमोक्रेट को मिलने की परंपरा रही है उनमें भी ट्रंप प्रवेश कर चुके हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार महिलाओं का मत कमला हैरिस के पक्ष में झुका रहा, लेकिन बाइडेन को प्राप्त मतों से वह पीछे ही रही।

अेतों, लैटिन अमेरीकियों, एशियाई समूहों में से भी लगभग एक तिहाई मतदाताओं ने ट्रंप के लिए वोट किया। हां,`त मतदाताओं के समर्थन में थोड़ी कमी आई। ये सारे तथ्य बताते हैं कि अमेरिकी जनमानस ट्रंप को लेकर कितना बदला है। सच कहें तो ट्रंप ने रिपब्लिकनों के साथ देश की सोच बदलने तथा राजनीति में नए चेहरों को खड़ा करके जीत सुनिश्चित की। डेमोक्रेट स्वयं को अति वामपंथी या लिबरल साबित करने के लिए जो कुछ करते रहे उसे आम लोगों ने सहजता से स्वीकार नहीं किया।

आश्चर्यजनक रूप से शारीरिक श्रम करने वाले श्रमिकों तथा निम्न आय वर्ग के लोगों का समर्थन रिपब्लिकन में बढ़ा है। डेमोक्रेट एलिट व शिक्षित वर्ग के एक समूह तथा हॉलीवुड एवं थिंक टैंक के बीच अपनी पहचान की व नीति के लिए सिमटती गई है। लोगों ने माना कि वे जो आवाज उठा रहे हैं वह अमेरिका की सामूहिक भावना नहीं है। बाइडेन के कार्यकाल में आंतरिक रूप से अमेरिका कमजोर हुआ, वैश्विक स्तर पर भी उसकी छवि धूमिल हुई। हालांकि सर्वेक्षणों में अधिकतर मतदाताओं की चिंता वैश्विक या विदेश नीति नहीं थी। यानी अमेरिकी लोगों की प्राथमिकताएं बदली है। ट्रंप का श्मेक अमेरिका ग्रेट अगेनत्र यानी श्मागात्र लोगों के दिलों में गया। अवैध घुसपैठ, बढ़ती महंगाई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध एवं अस्थिरता को उन्होंने बड़ा मुद्दा बनाया और लोगों को अपील कर गया।वस्तुतरू 2021 में ही दिखा था कि अमेरिका में ट्रंपवाद का नया दौर शुरू हो चुका है जिसका व्यापक समर्थन है, परंपरागत डेमोक्रेट, एलिट, अति लेफ्ट लिबरल राजनीति का समर्थन घट रहा है। अमेरिकी चुनाव अभियान में ट्रंप केंद्रित ठीक वैसे ही परिदृश्य ,आरोप–प्रत्यारोप एवं मुद्दे थे जो हम भारत में देखते हैं। यानी ट्रंप का आना लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता–धार्मिक स्वतंत्रता खत्म हो जाएगी, अल्पसंख्यकों के अधिकार समाप्त कर दिए जाएंगे, संविधान कमजोर होगा और वैश्विक स्तर पर युद्ध एवं तनाव का खतरा ज्यादा बढ़ेगा। अमेरिका के बदले मनोविज्ञान में इनको पहले की तरह समर्थन मिलने की संभावना नहीं है। ट्रंप ने इसके विपरीत कहा कि मेरे 4 वर्ष के कार्यकाल में कोई युद्ध नहीं हुआ, मैं युद्ध का नहीं शांति का समर्थक हूं लेकिन पीस विद स्ट्रेंथ।ट्रंप ने अपने कार्यकाल में अमेरिकी अर्थव्यवस्था सुधारी, विदेश नीति में आश्चर्यजनक सफलताएं प्राप्त की। पश्चिम एशिया में इस्राइल के साथ सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात के राजनीतिक संबंध स्थापित होंगेय इसकी कल्पना नहीं थी जो उन्होंने कर दिखाया। भारत के लिए इससे बेहतर परिणाम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कुछ नहीं आ सकता। बांग्लादेश को लेकर उन्होंने बाइडेन प्रशासन की कड़ी आलोचना की। इसका असर दिखेगा। उन्होंने वोट के लिए ही सही अगर हिन्दुओं के पक्ष में बयान दिए तथा उनकी रक्षा और साथ देने का संकल्प दिखाया तो वह इससे पीछे हटेंगे ऐसा तत्काल मानने का कोई कारण नहीं है। इस तरह मानकर चलना चाहिए कि उनके कार्यकाल में अमेरिका–भारत संबंध सशक्त होंगे।

## अखिलेश यादव ने एक बार फिर सरकार पर बोला हमला, कहा, यह दंगा कराया गया है...

लखनऊ,। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि हालिया विधानसभा उपचुनावों में हुई 'धांधली और लूट' को छिपाने के लिए यह घटना कराई गई है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें (मुख्यमंत्री) 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखने के बाद लगा कि बड़ा नेता बनना है। यह फिल्म गुजरात में गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस में आग लगाए जाने की घटना पर आधारित है। अखिलेश यादव का कहना था कि जब स्थानीय सांसद जियाउर रहमान घटना के समय संभल में नहीं थे तो उनके खिलाफ मामला क्यों दर्ज किया गया? उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, ''यह कराया गया दंगा है। सरकार ने कराया है। सरकार ने जो बेईमानी कराई है, वोट लूटा है, धांधली की गई, वो पकड़ी जाए, इसलिए संभल में घटना कराई गई है। अखिलेश यादव के अनुसार, संभल की जामा मस्जिद का पहली बार सर्वेक्षण हुआ तो लोगों ने सहयोग किया और उस समय अधिकारियों ने कहा था कि सर्वे का पूरा हो चुका है। उन्होंने सवाल किया कि दूसरी बार सर्वे का आदेश किसने दिया? उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए

# झारखंड विधानसभा चुनावः भाजपा का दांव पूरी तरह फेल हो गया



चेतनादित्य आलोक

इन सबके बीच भाजपा का एजेंडा झारखंड में पूरी तरह से फेल होता हुआ दिखाई दिया, जबकि भाजपा ने राज्य में चुनाव प्रचार में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ने ही लाइव रैलियां कीं।

झारखंड विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को धता बताते हुए झामुमो तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। बता दें कि इस बार के झारखंड के चुनाव में आइएनडीआइए (इंडिया) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) गठबंधनों के बीच सीधी और जबर्दस्त टक्कर हुई। कांटे की इस टक्कर में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली 'इंडिया' गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से सबसे ज्यादा झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) कुल 34 सीटें जीत कर सबसे आगे रही। वहीं, कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने 04 और कम्यूनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट–लेनिनिस्ट लिबरेशन) यानी सीपीआई (एमएलएल) ने 02 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफलता प्राप्त की। इस प्रकार देखा जाए तो इंडिया गठबंधन ने राज्य की कुल 81 में से 56 सीटें प्राप्त कर न केवल अपनी सरकार बचा ली है, बल्कि जबर्दस्त वापसी की है। दूसरी ओर एनडीए गठबंधन को झारखंड चुनाव में एक बार फिर भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बता दें कि एनडीए गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 21 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू), जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और लोकतांत्रिक जनता पार्टी (लोजपा) रामविलास ने एक–एक सीटों पर जीत दर्ज करने में सफलता पाई है। तात्पर्य यह कि झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए को कुल 24 सीटें मिली हैं।इससे पहले एग्जिट पोल में राज्य में बीजेपी और उसकी अगुवाई वाले एनडीए को स्पष्ट तौर पर विजेता के रूप में दिखाया जा रहा था, लेकिन परिणाम बताते हैं कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन ने राज्य की जनता को अपने वादों और दावों के प्रति लुभाने में सफलता प्राप्त करते हुए बंपर जीत हासिल की। वहीं, दूसरी ओर बीजेपी अपनी सारी ताकत झोंकने के बाद भी आदिवासियों समेत राज्य की जनता को इंप्रैस नहीं कर पाई। बता दें कि भाजपा ने झारखंड में चुनावों से पहले 'लव जिहाद' तथा 'लैंड जिहाद' का मुद्दा बेहद जोर–शोर से उठाया था। गौरतलब है कि भाजपा की ओर से की गई हिंदू और मुस्लिम ध्रुवीकरण की कोशिश के बीच हेमंत सोरेन बिल्कुल शांत और उकसाने वाले बयानों से बचते दिखे। यह निश्चित रूप से हेमंत सोरेन की राजनीतिक परिपक्वता को दर्शाता है। हालांकि, उनकी ही पार्टी के कुछ नेता और इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों के कई नेता कई मौके पर लगातार हिंदू–मुसलमान करते अवश्य देखे और सुने गए। इस प्रकार, राज्य में पूरे चुनावी काल में हिंदू–मुसलमान के नाम पर विष–वमन होता रहा।भाजपा का दांव पूरी तरह फेल हो गयाइन सबके बीच भाजपा का एजेंडा झारखंड में पूरी तरह से फेल होता हुआ दिखाई दिया, जबकि भाजपा ने राज्य में चुनाव प्रचार में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ने ही लाइव रैलियां कीं। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह से लेकर तमाम स्टार प्रचारकों ने कमान संभाल रखी थी। यहां तक कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा राज्य में दो महीने तक जमे रहे, जिन्होंने बांग्लादेश से 'घुसपैठियों' को आने देने के लिए सोरेन सरकार पर जोरदार हमले किए। गौरतलब है कि भाजपा ने अपनी रैलियों में झारखंड की 'माटी, बेटी और रोटी' का मुद्दा उठाया। इस मामले में भाजपा के नेताओं ने हेमंत सोरेन की सरकार पर आरोप लगाए कि राज्य में 'माटी, बेटी और रोटी' खतरे में हैं। यहां तक कि पार्टी की ओर से जेएमएम के विरूद्ध ट्रंप कार्ड के तौर पर चंपई सोरेन और सीता सोरेन को इस्तेमाल करने की कोशिश भी की गई, लेकिन भाजपा का यह दांव भी नहीं चला। इस प्रकार देखा जाए तो झारखंड में भाजपा का 'माटी, बेटी और रोटी' तथा 'घुसपैठिया' का मुद्दा उसकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं चल पाया।

**अनिर्णय की स्थिति भी कारण**

झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के भीतर कुछ नए और पुराने नेताओं को लेकर लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि राज्य के भावी मुख्यमंत्री के रूप में किसे नेतृत्व सौंपा जाए– नए, तेज–तर्रार और युवा नेता को अथवा पुराने, स्थापित और मजे हुए नेता को। ऐसा बताया जाता है कि पार्टी के भीतर कलह और मनमुटाव जारी रहने के कारण इस बात पर एक राय नहीं बन पाई कि झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले उसकी ओर से किस नेता को मुख्यमंत्री के तौर पर प्रस्तुत किया जाए। यही कारण है कि बड़ी संख्या में राज्य की गैर–आदिवासी जनता ने भी उसे नकार दिया। बता दें कि किसी भी कार्य में अनिर्णय की स्थिति गलत या बुरे निर्णय से भी अधिक घातक मानी जाती है। राजनीति में तो यह बिल्कुल ही नहीं चलने वाली। इसलिए अब कम–से–कम भाजपा को इसे गंभीरता से लेना होगा और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए इस बात पर प्राथमिकता से विचार करते हुए पार्टी की ओर से राज्य को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास करना ही होगा, अन्यथा पार्टी चाहे जितने भी प्रयास क्यों न कर ले, 2024 दोहराने के लिए राज्य की जनता हमेशा बाध्य होती रहेगी।

**प्रभावशाली चेहरे का आभाव**

यह एक कड़वा सच है कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के भीतर ऐसे प्रभावशाली चेहरे का बेहद आभाव है, जो जनता को प्रभावित कर अपनी ओर आकर्षित कर सके। जिस प्रकार, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी को विजयी बनाने की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले रखी है और जिस प्रकार हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी के लिए एक जिम्मेदार चेहरा हैं वैसे ही चुनाव से पहले झारखंड में भी पार्टी को भावी मुख्यमंत्री के रूप में एक जिम्मेदार चेहरा पेश करना चाहिए था। गौरतलब है कि ऐसा नहीं करके भाजपा ने एक प्रकार से अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारी है, जबकि विपक्ष की ओर से तो पहले ही दिन से यह बिल्कुल साफ कर दिया गया था कि यदि इंडिया गठबंधन ने चुनाव जीता तो उनकी ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा हेमंत सोरेन ही होंगे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि भाजपा के भीतर ऐसे लोगों का अभाव है। गौर करें तो पार्टी के भीतर कई नेता हैं, जो हेमंत सोरेन को कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं।

# महिला मतदाताओं की मुखरता से बदल रही चुनावी नतीजों की तस्वीर



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महाराष्ट्र विधान सभा के चुनावों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका हो गई है। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में महिलाओं के 6 प्रतिशत अधिक मतदान ने चुनावी परिणामों को ही पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। इसी साल की शुरुआत में हुए लोकसभा के चुनाव परिणामों से महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाअघाड़ी गठबंधन अतिउत्साह में था और लगभग यह मानकर ही चल रहे थे कि महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे उनके पक्ष में ही होंगे। अत्यधिक आत्मविश्वास के चलते चुनावी अभियान को सही दिशा व समझ नहीं बैठा पाएं और इसका परिणाम यह रहा कि भाजपा नीत गठबंधन ने विजय के सारे रेकार्ड तोड़ दिए। माने या ना माने पर इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही। मध्यप्रदेश से निकली लाड़ली बहना महाराष्ट्र तक आते आते माझी लाड़की बहना योजना ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा इसी साल लागू करने और चुनाव से पहले ही तीन किश्तें लक्षित महिलाओं के खातों में जाने से पूरा माहौल ही बदल गया। योजना शुरु करने पर विपक्ष ने विरोध किया और यहां तक कि कोर्ट में जनहित याचिकाएं लगाई गई पर कोर्ट द्वारा योजना को सही ठहराने और सीधे खाते में पैसे आने से महिलाओं में सरकार के प्रति विश्वास जगा वहीं महाअघाड़ी गठबंधन महिलाओं से जुड़ी इस योजना को समझने में ही देरी कर दी और भले ही बाद में चुनाव घोषणा पत्र या यों कहे कि चुनावी वादों में अधिक पैसा देने का वादा भी किया पर महिलाओं का विष्वास नहीं जीत पाएं। परिणाम सामने हैं जो मिल रहा है वह बढ़कर मिलेगा इस पर महिलाओं ने अधिक विश्वास जताया। सही मायने में देखा जाए तो महिला शक्ति गेम चेंजर बन कर सामने आई। कहा तो यहां तक जाने लगा है कि महिलाएं जिनके साथ है सत्ता भी उनके हाथ ही लगेगी।

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने लगे हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीद्वारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2024 के आमचुनाव में 74 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। इस बार महाराष्ट्र चुनावों में 50 महिलाओं को टिकट दिए गए और 21 महिलाएं चुनाव जीत कर विधायक बनी है।सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीद्वारी भी जताती है तो चुनाव कंपेन के दौरान अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराती है। दूसरी और मतदान में भी आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहे कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुटे हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किये जा रहे हैं अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हर संभव प्रयास किए जाते हैं। क्योंकि एक बात साफ हो चुकी है कि आज की महिला स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है और उसकों दबाव या अन्य तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सकता। कम से कम चुनावों के परिणाम तो इसी और इंगित कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि माझी लड़की बहना योजना में 2.50 लाख आय वाली 18 से 60 साल की महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया। इससे यह साफ हो जाता है कि यह वर्ग कमजोर आर्थिक आय वाली महिलाओं का है। यहां साफ हो जाता है कि महिलाओं का यह वर्ग वो वर्ग है जिसके बारें में यह माना जाता है कि इस वर्ग में महिलाएं पुरुषों के निर्णयों पर अधिक निर्भर होती है पर महाराष्ट्र और अन्य प्रदेशों के चुनावी नतीजों से यह साफ हो गया है कि महिलाएं पुरुषों की हां में हां ना मिलाकर स्वयं निर्णय लेने लगी है और उसीसे ताजा नतीजें रुबरु कराते हैं।

खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिषा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है तो दूसरी और दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आ रही हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भविष्य के चुनावों में भी राजनीतिक दलों को सत्ता का स्वाद चखना है तो निगाहें महिला मतदाताओं की और रखनी ही होगी।

# आखिर अडानी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं अमेरिकी? इसे ऐसे समझिए




कमलेश पांडे

ऐसे में यह स्वाभाविक सवाल है कि जब भारत में रिश्वत देने के आरोप लगाए गए हैं तो फिर केस यूएस यानी अमेरिका में क्यों? इसका जवाब यही है कि अमेरिकी कानून अपने निवेशकों या बाजारों से जुड़े विदेशों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है।जिस तरह से दुनिया के थानेदार अमेरिका में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन उद्योगपति गौतम अदाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं, उसके दृष्टिगत यह सवाल मौजूं है कि जब रिश्वत का आरोप भारत में लगाया गया है तो फिर अमेरिका में जांच कैसे शुरू हो गई? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि आखिर अमेरिका और उसके लोग, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं? क्या किसी भारतीय उद्योगपति या राजनीतिक दल के शह पर ऐसा किया जा रहा है या फिर कोई अन्य कूटनीतिक वजह है? यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है । क्योंकि यह महज इत्तेफाक नहीं समझा जा सकता है कि पिछले साल 2023 में अमेरिकी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से शुरू हुए विवाद के बाद अब वर्ष 2024 में अदाणी समूह पर सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने का उछला ताजा मामला एक अदद मामला भर है? वजह यह कि इससे अडानी समूह के शेयरों के भाव गिरते हैं और कम्पनी को काफी क्षति उठानी पड़ती है! इसलिए हमें यह जानना चाहिए कि आखिर में यह मामला क्या है, क्यों है, कैसे है, किसके लिए है? और अंत में, इसका समुचित हल क्या है? आइए इस पूरी बात को क्रमबद्ध तरीके से समझने की कोशिश करते हैं।बता दें कि यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस ने अदाणी पर भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (2200 करोड़ रुपए से ज्यादा) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है, जो एक गम्भीर बात है। क्योंकि यूएस अटॉर्नी ऑफिस ने आरोप में कहा है कि अदाणी ने अपनी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी को सोलर एनर्जी से जुड़े प्रोजेक्ट्स और कॉन्ट्रैक्ट दिलाने के लिए भारतीय अधिकायों को 2100 करोड़ रुपए से ज्यादा की रिश्वत दी है।

मसलन, अदाणी पर आरोप है कि उन्होंने 2021 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उसके बाद राज्य सरकार 7,000 मेगावाट बिजली खरीदने पर सहमत हुई थी। आंध्र के अधिकारियों को 25 लाख रुपये प्रति मेगावाट की दर से कथित रिश्वत दी गई। इसके अलावा, अमेरिकी सिक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने भी कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया। खास बात यह है कि उन्होंने इस बात को उन अमेरिकी बैंकों और इंवेस्टर्स से छिपाया है, जिनसे अदाणी ग्रुप ने इस प्रोजेक्ट के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे।लिहाजा, अमेरिकी प्रोसिक्यूटर्स का दावा है कि कंपनी के दूसरे सीनियर अधिकारियों ने कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को पैसा देने पर सहमति जताई थी। बता दें कि अडानी समूह ने साल 2021 में एक बॉन्ड ऑफर कर अमेरिका के अलावा दूसरे इंटरनैशनल इंवेस्टर्स और अमेरिका के बैंकों से फंड जुटाया है। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने बयान में कहा है कि कथित साजिश के तहत अदाणी ग्रीन ने अमेरिकी निवेशकों से 17.5 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए और एज्यूर पावर का शेयर न्यूयॉर्क शेयर बाजार में लिस्टेड किया। साथ ही, न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने अदाणी, सागर अदाणी, सिरिल कैबनेस और अदाणी ग्रीन और एज्यूर पावर से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफआपराधिक आरोप लगाए हैं। वहीं, अदाणी ग्रुप ने रिश्वतखोरी के आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें बेबुनियाद बताया है। उसने कहा है कि ग्रुप सभी कानूनों का पालन करता रहा है। वह इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेगा। ग्रुप के प्रवक्ता ने अमेरिकी न्याय विभाग के बयान का हवाला दिया, जिसमें कहा गया जिसका अडानी पर यह केवल आरोप है और जब तक दोष साबित न हो जाए तब तक प्रतिवादियों को निर्दोष माना जाएगा। लिहाजा, बयान में कहा गया कि हम आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाले संगठन है। अदाणी ग्रुप ने अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. के 60 करोड़ डॉलर के बॉण्ड को रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी को गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में ठेका मिला है। ऐसे में यह स्वाभाविक सवाल है कि जब भारत में रिश्वत देने के आरोप लगाए गए हैं तो फिर केस यूएस यानी अमेरिका में क्यों? इसका जवाब यही है कि अमेरिकी कानून अपने निवेशकों या बाजारों से जुड़े विदेशों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। चूंकि, प्रोजेक्ट में अमेरिका के इन्वेस्टर्स का पैसा लगा था और अमेरिकी कानून के तहत उस पैसे को रिश्वत के रूप में देना अपराध है, इसलिए अमेरिका में मामला इसलिए दर्ज हुआ।चूंकि अमेरिका भारत का मित्र देश भी है, इसलिए ये आरोप अहम हैं। हालांकि, जिस तरह से अमेरिकी चुनावों में परास्त राष्ट्रपति जो बाइडेन के मातहत प्रशासन ने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़काने और भारत के उद्योगपति को भ्रष्टाचार के मामले में उलझाने की पहल जाते–जाते की है, इसके अंतर्राष्ट्रीय सियासी मायने को भी समझने की जरूरत है। शायद वह भावी ट्रंफ प्रशासन के लिए मुश्किलें पैदा करना चाहता हो।सवाल यह है कि आखिर यह हंगामा किन–किन प्रोजेक्ट्स को लेकर मचा है? तो जवाब यही होगा कि अमेरिकी प्रोसिक्यूटर्स के अनुसार, एनर्जी कंपनी के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अदाणी है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी है, जो उनके भतीजे हैं। इसके अलावा, एज्योर पावर के सीईओ रहे रंजीत गुप्ता, एज्योर पावर में सलाहकार रूपेश अग्रवाल अमेरिकी इश्यूअर हैं।हुआ यह है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी और अमेरिकी इश्यूअर ने सरकारी स्वामित्व वाली सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) को 12 गीगावाट सोलर एनर्जी उपलब्ध कराने का कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था। हालांकि, एसईसीआई को सौर ऊर्जा खरीदने के लिए भारत में खरीदार नहीं मिल पाए। लिहाजा खरीदारों के बिना सौदा आगे नहीं बढ़ सकता था ।और दोनों कंपनियों के सामने बड़े नुकसान का जोखिम था।

# अयोध्या पुलिस ने प्रदेश में शिकायतों के तत्काल निपटारे में मारी बाजी

## -शिकायतों के निस्तारण में अयोध्या के 19 थानों में से 18 ने मारी बाजी
## -नगर कोतवाली पहले, तो इनायतनगर दूसरे स्थान पर

अयोध्या(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के प्रयासों से दिव्य और भव्य अयोध्या में एक बार फिर से रामराज्य लौटने लगा है। इसे भवगान श्रीराम की विशेष कृपा ही कहेंगे कि अयोध्या में ऑनलाइन की जाने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो रहा है। हर शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि मुख्यमंत्री कार्यालय से आई एक अक्टूबर की रिपोर्ट बता रही है, जिसमें जिले के 19 में से 18 थाने प्रदेश में पहली रैंक पर आए हैं। इसमें कोतवाली नगर टॉप पर है। जनपद पुलिस ने आईजीआरएस यानि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर ऑनलाइन आने वाली जन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पहली रैंक प्राप्त की है। पिछले कई महीनों बाद यह मौका आया है, जब अयोध्या पुलिस को यह सफलता मिली है। एसएसपी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानेदारों को सराहते हुए फेहरिस्त में निचले पायदान पर मौजूद थाने को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है। प्रदेश सरकार ने जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल की व्यवस्था तैयार की है। नियमानुसार, इस पोर्टल पर आने वाली ऑनलाइन शिकायत का 30 दिन के भीतर गुणवत्तापरक तरीके से निस्तारण करना होता है। समय समय पर इन शिकायतों से जुड़ा फीडबैक लखनऊ में बैठे आला अफसर लेते हैं। डिफाल्टर या असंतोष की स्थिति में शिकायतों को वापस लौटाया जाता है, ताकि उनका निस्तारण हो सके। जनपद में अक्टूबर माह में 19 थानों में तकरीबन 2700 शिकायतें आईजीआरएस पर हुई हैं। 100 फीसदी शिकायतों का निस्तारण हो चुका है।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि आईजीआरएस के पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के मामले में कोतवाली नगर ने बाजी मारी है। इसके बाद सर्वाधिक शिकायतों को हल कर दूसरे नम्बर पर स्थान बनाने वाला थाना इनायतनगर है। बताया जाता है कि पुलिस में आई सभी ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण के लिए एक दारोगा मौके पर अवश्य जाता है। वहां से जीपीएस की तस्वीरें आती हैं, जिससे पता चलता है मामले को निपटाने में पुलिस दिलचस्पी दिखाती है।

एसएसपी राजकरन नैयर ने बताया कि आईजीआरएस जनसुनवाई के लिये एक आनलाइन माध्यम है। इस माध्यम से किसी भी व्यक्ति को शिकायत करने के लिये कहीं चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है। पीड़ित व्यक्ति इसके पोर्टल पर आनलाइन शिकयत दर्ज कराता है। संबंधित विभाग उसकी जांच कराकर निस्तारण कराने का प्रयास करता है। इस माध्यम से दर्ज कराई गई शिकायत पर जवाबदेही भी रहती है। शिकायत की हर स्थित से शिकायतकर्ता को जानकारी भी मिलती है।

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जनसुनवाई के इस पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण की प्रत्येक माह शासन स्तर पर समीक्षा होती है। आईजीआरएस पर दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक लेते हुए शासन के मानकों के हिसाब से पीड़ित संतुष्ट है या असंतुष्ट, इसकी समीक्षा करके रैंक जारी की जाती है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी अयोध्या के सभी थाने हमेशा अग्रणी रहे।

# अयोध्या के लिए करोड़ो की परियोजनाओं का सीएम योगी को सौंपा प्रस्ताव

अयोध्या(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मुलाकात के दौरान अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में करोड़ो की परियोजनाओं का प्रस्ताव दिया। 23 नवम्बर को मुख्यमंत्री से महापौर ने मुलाकात किया था। प्रस्ताव में डेकोरेटिव लाइट व हेरिटेज पोल के साथ रामपथ



से जुड़ी गलियो का निर्माण तथा अयोध्या धाम में सोतिया नाले का निर्माण शामिल है। निगर निगम के सीमान्तर्गत प्रमुख स्थानों पर डेकोरेटिव लाइट व हेरिटेज पोल लगने से रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को यहां के विकसित तस्वीर का अहसास होगा। रामपथ से जुड़ी गलियों का निर्माण होने से यातायात व्यवस्था और अच्छी हो जाएगी। अयोध्या धाम में सोतिया नाले का निर्माण हो जाने से यहां जलभराव से निजात मिल जाएगी। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान अयोध्या के सम्यक विकास योजनाओं पर चर्चा की हुई। इस दौरान नगर निगम अयोध्या के सीमान्तर्गत प्रमुख क्षेत्रों पर डेकोरेटिव लाइट व हैरिटेज पोल की स्थापना के लिए 84.7 करोड़, अयोध्या धाम में जलभराव से निजात दिलाने व जलनिकासी के लिए सोतिया नाले के लिए निर्माण हेतु 29.89 करोड़ व रामपथ के निर्माण उपरान्त संलग्न गलियों के निर्माण के लिए 26.71 करोड़ के परियोजनाओं की स्वीकृति व धनावंटन का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या के सर्वांगीण विकास से सम्बंधित विषयों पर मुलाकात के दौरान विस्तृत चर्चा की गईं। इसके साथ में प्रयागराज में आयोजित कुम्भ मेले को देखते हुए अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए 9.66 करोड़ का प्रस्ताव सौंपते हुए धनावंटन का अनुरोध किया गया। इसमें अस्थाई प्रवास, टेंट सिटी, सफाई एवं औद्योगिक कार्य शामिल है। सीएम से मुलाकात के दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा मौजूद रहे।

# चित्रकला, मूर्ति कला व व्यवहारिक कला में बढ़ रही रोजगार की संभावनाएं : प्रो. जगदीश नारायण

## -भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुविषयक रोजगार की संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



अयोध्या(एजेंसी)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं ललित कला विभाग के संयुक्त तत्वाधान में "भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुविषयक रोजगार की संभावनाएं" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया स इस संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष वाणिज्य संकाय प्रो. जगदीश नारायण रहे स कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. आशुतोष सिंहा संकयाध्यक्ष कला एवं मानवकीय ने किया इस एक दिवसीय संगोष्ठी में विशिष्ट वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डॉक्टर सृष्टि पूर्वार्ध ने बताया कि अर्थशास्त्र विषय के साथ–साथ अन्य विषयों जिसमें प्रमुख रूप से ललित कला एवं फैशन डिजाइनिंग के विभिन्न विधाएं सम्मिलित हैं के द्वारा हम भारतीय अर्थव्यवस्था में अपने लिए रोजगार की संभावनाएं तलाश कर सकते हैं उन्होंने बताया कि एमएसएमई के द्वारा हस्त निर्मित आकर्षक एवं कलात्मक वस्तुओं के निर्माण से आय एवं रोजगार के उच्च स्तर को प्राप्त किया जा सकता है जिसमें कला की विधा के बाजारीकरण हेतु अर्थव्यवस्था की महत्ता और भी बढ़ जाती है स

विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो. जगदीश नारायण ने बताया कि विभिन्न प्रकार के संदर्भित पाठ कलाओं में अर्थशास्त्र अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कलाकारों की किसी भी कृति के सृजन के उपरांत उसका उचित मूल्य क्या हो यह हमें अर्थशास्त्र की लागत लाभ विश्लेषण के द्वारा प्राप्त होता है। फाइन आर्ट से संबंधित चित्रकला, मूर्ति कला एवं व्यवहारिक कला में रोजगार की संभावनाएं बढ़ रही हैं जिसके लिए आर्थिक प्राचलो का विश्लेषण आवश्यक है एक कलाकार को उसकी अपनी कृति के वास्तविक मूल्य का अनुभव नहीं होता बाजारीकरण के इस दौर में एक अर्थशास्त्री सहायक क्षेत्र में संबंधित क्षेत्र में संबंधित वस्तु के मूल्य निर्धारण में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. आशुतोष सिन्हा ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विभिन्न सहायक स्रोतों में रोजगार के अवसर पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि अर्थ व्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में कलात्मक वस्तुओं का प्रत्येक निर्माण रोजगार के अवसर को बढ़ाता है। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड आर्थिक संघ द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय सेमिनार में संयोजक के रूप में प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव महासचिव यूपीयूईए ने अतिथियों का स्वागत करते हुए यह बताया कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के साथ कौशल विकास योजना के अंतर्गत ललित कला एवं आर्ट क्राफ्ट आधारित विभिन्न प्रकार की लघु एवं मध्यम आकार की स्थानीय डिजाइनिंग की कलाकृतियां निश्चित रूप से लोगों में रोजगार एवं आय के स्तर को बढ़ा रही हैं आवश्यकता इस बात की है कि उपयोगी सरकारी नीति के द्वारा इसे स्थायित्व प्रदान कर दिया जाए।

ललित कला फाइन आर्ट विभाग की सहायक आचार्य डॉ सरिता द्विवेदी ने बताया कि राम मंदिर निर्माण के साथ ही विभिन्न कलाकृतियों के सृजन से स्थानीय कलाकारों को पर्याप्त रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं सृजित कलाकृतियों को बाजार के अनुरूप मूल्य प्राप्त करने हेतु उसके आर्थिक पहलुओं के विषय में जानकारी देने हेतु कलाकार को शिक्षण एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता है ताकि उनकी रामणीक और आकर्षक सृजित कलाकृतियों का उचित मूल्य मिल सके। इस अवसर पर यूपीयूईए के कार्य परिषद सदस्य डॉ. प्रिया कुमारी, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. सरिता द्विवेदी द्वारा अतिथियों को सम्मान व यूपीयूईए का जनरल दिया गया साथ ही संकायाध्यक्ष कला एवं मानविकीय प्रोफेसर आशुतोष सिंहा द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट किया गयास इस अवसर पर मुख्य रूप से फैशन डिजाइनिंग के विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र मिश्रा, ललित कला विभाग की सहायक आचार्य रीमा सिंह,संगीत एवं अभिनय काल विभाग की डॉ. रचना श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे स संगोष्ठी के समापन के उपरांत यूपीयूईए वेबसाइट की संयोजक वह संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ सरिता द्विवेदी ने आमंत्रित अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अयोध्या से जनकपुर जाएंगे 500 बाराती

## - कल रवाना होगी श्रीराम बारात, तिरुपति के 40 पंडित कराएंगे विवाह

अयोध्या(एजेंसी)। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार श्रीराम बारात में देश भर का प्रतिनिधित्व दिखाई देगा। लगभग 17 प्रांतों के रामभक्त बारात में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। 26 नवंबर को सुबह 08:30 बजे निकलने वाली बारात के लिए चार विशेष रथ को भी तैयार किया गया है, जिसमें एक पर 51 तीर्थों का जल रहेगा। बारात में दूल्हा बने चारों भाइयों के स्वरूप के साथ मूर्तियों को भी शामिल किया जाएगा। तकरीबन 500 बाराती जनकपुर पहुंचेंगे। तिरुपति के 40 पंडित विवाह संपन्न कराएंगे।अयोध्या में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में निकलने वाली श्रीराम बारात की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 26 नवंबर को बड़े धूमधाम से यह बारात रामसेवक पुरम से रवाना होगी। यात्रा के प्रभारी और विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि चार रथ यात्रा में होंगे। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुहन के स्वरूप होंगे। एक रथ में जिस प्रकार से त्रेता युग में राम की बारात में सभी तीर्थ गए थे इसलिए भारतवर्ष के 51 तीर्थों का जल इस बार बारात में जा रहा है। उनके प्रतीक के रूप में एक तीर्थरथ को तैयार किया गया है। एक रात में श्री सीताराम कल्याण विवाह महोत्सव की प्रतिमा होंगी। इसमें तिरुपति बालाजी से लगभग 40 पंडितों की टीम आ रही है, जो सीधे जनकपुर पहुंचेगी। 6 दिसंबर को विवाह पंचमी के दिन प्रात 9:00 बजे श्री सीताराम विवाह महोत्सव के कार्यक्रम को संपन्न करेगी। उन्होंने बताया कि यहां से लगभग 200 बारातियों को तैयार किया गया है, लेकिन जनकपुर तक पहुंचाते हुए यह संख्या बढ़कर 500 के करीब पहुंच जाएगी। इस बार बारात में लगभग 17 प्रांतों के लोग शामिल होंगे। दक्षिण भारत के साथ ही मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से भी लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं श्री राम विवाह महोत्सव के दौरान वर पक्ष की तरफ से दिए जाने वाले बैना के लिए मध्य प्रदेश सरकार और महाकाल मंदिर के द्वारा भक्तों में वितरित करने के लिए एक लाख ग्यारह हजार ग्यारह सौ ग्यारह देशी घी से बने लड्डू को भेजा गया है, जिसे एक खघस गत्ते में पैक किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज के मुताबिक इन सभी लड्डू के गत्तों को जनकपुर ले जाया जाएगा। इसके साथ ही और भी कई नेग को देने के लिए तैयार किया गया है।

# पेंशनधारियों को जीवन प्रमाणपत्र के लिए शहरों के चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

मीरजापुर (एजेंसी)। ग्रामीण और दूरदराज के पेंशनधारियों को जीवन प्रमाणपत्र के लिए शहरों के चक्कर लगाने से राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सूचना प्रसारण मंत्रालय वाराणसी के भारत भूषण त्रिपाठी ने बताया कि नवंबर से फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के जरिए यह प्रक्रिया गांव में ही पूरी की जा सकेगी।

देशभर के 800 शहरों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया को सरल और परेशानी मुक्त बनाया जाएगा। भारत भूषण त्रिपाठी ने बताया कि इस अभियान के तहत बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघ, आधार प्राधिकरण, रेल मंत्रालय और दूरसंचार विभाग की मदद ली जाएगी। ये संस्थाएं तकनीकी सहायता और बायोमेट्रिक डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से ग्रामीण और दूरदराज के वृद्ध पेंशनधारियों को विशेष राहत मिलेगी। उन्हें अब बार–बार शहर आने की जरूरत नहीं होगी, और प्रमाणपत्र की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल और परेशानी मुक्त होगी। प्रशासन ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार को उम्मीद है कि लाखों पेंशनधारियों को इस पहल से लाभ होगा।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

मीरजापुर (एजेंसी)। रविवार को रक्त केंद्र मंडलीय चिकित्सालय में रोटरी क्लब मिर्जापुर द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन शशांक टंडन की अध्यक्षता में तथा अमर दीप सिंह के निर्देशन में किया गया। जिसमे डॉक्टर पद्मनाभ द्वारा रक्तदाताओ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुल 18 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया तथा 13 लोगों ने रक्तदान किया। जन सम्पर्क आधिकारी राम कुमार गुप्ता ने सभी को प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया। सचिव अभीषेक पांडे ने रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। मेडिकल टीम में अमीत पटेल, शैलेंद्र सिंह, माला सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

मीरजापुर (एजेंसी)। कृषि विज्ञान केन्द्र काशी हिन्दू विश्व विद्यालय राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा द्वारा बताया गया है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के समस्त किसान भाईयों को सहर्ष अवगत कराना है कि देर से बुवाई करने के लिए अथवा धान कटने के बाद बुवाई के लिए रबी मौसम की मुख्य तिलहनी फसल सरसों उपयुक्त प्रजाति की बुवाई करके ही अच्छी एवं लाभकारी उपज प्राप्त की जा सकती है। देर से बुवाई की दशा मे सभी प्रजातियों से अच्छी पैदावार नहीं मिलती है। आप सभी को जानकर बहुत हर्ष होगा कि आपके अपने कृषि विज्ञान केन्द्र, बरकछा–मीरजापुर मे धान कटने के बाद अथवा देर से बुवाई के लिए सरसों की उन्नतिशील प्रजाति का बीज बिक्री के लिए उपलब्ध है। देर से बुवाई की स्थिति मे सरसों की राधिका, भारत सरसों–7 प्रजातियों की बुवाई करके किसान भाई अच्छी आमदनी कर सकते हैं। कुछ हद तक इस समय सरसों की सदाबहार प्रजाति बृजराज की बुवाई करके भी किसान भाई बेहतर उपज ले सकते हैं। इन तीनो प्रजातियों का बीज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा–मीरजापुर मे उपलब्ध है। भीड़ भाड से बचने के लिए किसान भाई समय से अपनी आवश्यकतानुसार बीज ले लें। जिन किसान भाईयों की सरसों की बुवाई समय से कर दी हों और फसल 25 दिनों की या अधिक हो रही हो, वे किसान भाई पहली सिंचाई करके ओट आने पर नैनो यूरिया अथवा 2 प्रतिशत यूरिया के घोल की टाप ड्रेसिंग कर दें। बुवाई के समय यदि सल्फर का प्रयोग न किये हों तो घुलनशील सल्फर का पर्णीय छिड़काव अवश्य करें। यदि किसी भी प्रकार के दाग धब्बे पत्तियों पर दिखाई दे रहे हों तो 2 : कार्बेडाजिम का छिड़काव कर सकते हैं। फसल की निरंतर देखभाल करते रहें। कृषि विज्ञान केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बरकछा के अध्यक्ष प्रो श्रीराम सिंह ने बताया है कि किसी भी समस्या के दिखाई देने पर नजदीकी कृषि विभाग, कृषि रक्षा इकाई अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र पर सम्पर्क कर समय से निदान करें।

# लाड़ली बहना योजना ने दिलाई प्रचंड जीतः धनंजय शर्मा

बाराबंकी (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी को मिली बंपर जीत के बाद एनसीपी नेता धनंजय शर्मा ने समर्थकों के बीच जश्न मनाया और मिठाइयां बांटीं। इस दौरान एनसीपी अजित पवार गुट के राष्ट्रीय सचिव धनंजय शर्मा का कहना था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि प्रदेश में फिर एक बार महायुति की सरकार बनने जा रही है। महायुति की आंधी के आगे महाविकास अघाड़ी कहीं नहीं टिकी और 288 में सिर्फ 55 सीटें ही जुटा पाईं। महायुति को 223 सीटें मिली हैं। जिसमें एनसीपी अजीत गुट को 41 सीटों का योगदान शामिल है। महाराष्ट्र में एनडीए की सरकार बनने का श्रेय उपमुख्यमंत्री अजीत पावर को जाता है। उनके सुशासन और विकास कार्यों को वहां की जनता ने देखा और पसंद किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम व एनसीपी प्रमुख अजीत पावर तथा महायुति के नेताओं ने साथ में मिलकर इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधार रहे। श्री शर्मा ने कहा कि अजीत पंवार की लाड़ली बहना योजना ने महाराष्ट्र की बहनों का दिल जीता और महायुति की सरकार बनी। एनडीए के विष्वास और विकास पर जनता ने मोहर लगाई है। जनता ने बता दिया है कि वो एनडीए के साथ है। श्री शर्मा ने कहा कि ये जीत एनसीपी प्रमुख अजित दादा पंवार, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल, महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील तटकरे ओर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा समेत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और कठिन परिश्रम से ही संभव हो पाई है। कांग्रेस के परिवारवाद एवं तुष्टिकरण की राजनीति को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों में एनसीपी को नई पहचान दिलाई। उन्होंने इस जीत को केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों की जीत बताया। इस मौके पर नम्मू भाई, विनय कुमार सिंह, राजू सिंह, साकेत सन्त मौर्या, विजय कन्नौजिया, नीरज दुबे, जलाल नईम खान, बबलू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कटेहरी में भाजपा का समाप्त हुआ 33 साल का बनवास

## -धर्मराज निषाद की जीत से भाजपा को मिली संजीवनी
## -उपचुनाव लालजी वर्मा के लिए बना पनौती, आगे विरासत संभालने की चुनौती



गोसाईंगंज अयोध्या(एजेंसी)। गोसाईंगंज विधानसभा से सटे कटेहरी विधानसभा में भाजपा का 33 साल का बनवास समाप्त हो गया।भाजपा को जिस जीत की तलाश थी उसे कटेहरी से हैट्रिक लगाने वाले विधायक व पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद ने अपने चौथे राउंड में पूरा कर दिखाया।उनकी इस ऐतिहासिक जीत से अयोध्या सहित अम्बेडकरनगर में खुशी ब्याप्त हो गयी है।उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व सांसद लालजी वर्मा की पत्नी शोभावर्मा से थी।लालजी वर्मा के अभेद्य दुर्ग को धर्मराज निषाद ने ढहा दिया।इस उपचुनाव में सांसद लालजी वर्मा का कोई द्वंद काम नही आया और उन्हें हार का सामना करना पड़ा।इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्यासी धर्मराज निषाद को रिकार्ड मत प्राप्त हुए।धर्मराज निषाद को104091मत तो सपा प्रत्यासी लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को 69577 मत मिले।जबकि कभी बसपा का गढ़ माने जाने वाले विधानसभा में बसपा प्रत्यासी अमित वर्मा को41647मत मिले।धर्मराज निषाद ने एक तीर से दो शिकार करते हुए कद्दावर नेता लालजी वर्मा व बसपा के गढ़ दोनो को धराशायी कर दिया।कभी लालजी वर्मा व धर्मराज निषाद दोनो बसपा के मजबूत हाथ हुआ करते थे,परन्तु परिस्थितियां बदली और लालजी वर्मा ने सपा व धर्मराज निषाद ने भाजपा का दामन थाम लिया।2017 व 2022 में लालजी वर्मा ने भाजपा प्रत्यासी अवधेश द्विवेदी को पटखनी देकर जीत का सेहरा पहना था परन्तु 2024में सांसद बनने के बाद रिक्त हुए सीट पर उपचुनाव में भाजपा ने अपना दांव धर्मराज निषाद पर लगाया और कामयाबी हासिल करते हुए अपना बदला पूरा किया।धर्मराज निषाद के विधायक बनने से कटेहरी के लोगो मे एक नई आस जगी है।सत्तापक्ष से होने के नाते अब कटेहरी का चौमुखी विकास होगा।धर्मराज निषाद का सरल,सौम्य व मृदुल स्वभाव ही लोगो के बीच उनको लोकप्रिय बनाता है।जिसके कारण धर्मराज निषाद चौथी बार कटेहरी से विधायक चुने गए।

धर्मराज निषाद ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत बसपा से किया था।उन्होंने1996में पहली बार कटेहरी से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और भाजपा के कद्दावर नेता व मंत्री अनिल तिवारी को5764मतोंसे हराकर नया इतिहास कायम करते हुए पहली बार विधानसभा पहुंचे।2002 में बसपा सुप्रीमो ने फिर इन्हें कटेहरी से प्रत्यासी बनाया और तब पूर्व विधायक जयशंकर पांडे को4121मतों से हराया।वर्ष 2007में बसपा ने तीसरी बार इन्हें मैदान में उतारा,जंहा उन्हें पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने कड़ी टक्कर दिया परन्तु 240 मतों से पराजित हो गए।उनकी जीत से मुदित बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें कैबनेट मत्स्य मंत्री बनाकर इनका कद बढ़ा दिया था।

धर्मराज निषाद के लिए दूसरा क्षेत्र कभी मुफीद नही साबित हुआ।बीते 2012 के चुनाव में बसपा ने इन्हें जौनपुर के शाहगंज से मैदान में उतारा जंहा इन्हें सपा के ललई यादव से हार का सामना करना पड़ा।2017में गोसाईंगंज विधानसभा से मैदान में उतरे परन्तु जो आज इनकी जीत के हनुमान बने इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू से हार का सामना करना पड़ा।खब्बू तिवारी इस उपचुनाव मेंअपने दलबल के साथ इनकी जीत मेंअहम भूमिका निभाई है।2022 के चुनाव से पहले धर्मराज निषाद ने भाजपा का दामन थाम लिया और पार्टी ने इन्हें अकबरपुर से मैदान में उतारा।उनके सामने कभी एक साथ राजनीति करने वाले सपा प्रत्यासी रामअचल राजभर थे।रामअचल राजभर को कड़ी टक्कर दिया परन्तु कामयाबी नही मिली।इसके बाद इन्होंने अपना रुख अपने पुराने गढ़ कटेहरी में किया और कड़ी मेहनत करते हुए अपना जनाधार मजबूत किया।लिहाजा उपचुनाव मेंकटेहरी ने फिर अपने नेता को निराश नही किया और जीत का सेहरा पहना दिया।वहीं दिग्गज नेता व सांसद लालजी वर्मा का फैमली कार्ड कभी सफल नही हुआ।मुख्य चुनाव में खुद मैदान में उतरकर दिग्गजों का पसीना छुड़वाने वाले नेता का जनाधार फेल हो गया।फैमली कार्ड के सहारे अपनी विरासत आगे बढ़ाने की चाह को जातिगत समीकरण ने ही फेल कर दिया।लालजी वर्मा ने इससे पहले 2019 में विधायक रितेश पांडे के सांसद चुने जाने के बाद रिक्त हुए सीट पर अपनी पुत्री छाया वर्मा को उपचुनाव मेंउतारा था।जंहा उन्हें सपा प्रत्यासी सुभाष राय ने हरा दिया।इस बार उनके सांसद चुने जाने के बाद कटेहरी सीट रिक्त हुई और उन्होंने अपनी पत्नी शोभावती वर्मा को मैदान में उतार दिया।उनको टिकट मिलते ही परिवारवाद व जातिवाद का विरोध मुखर हो उठा।लिहाजा लालजी वर्मा का मजबूत जनाधार वाली राजनीतिक जमीन हिल गयी ।

# स्वतंत्रता संग्राम में शहीद झलकारी बाई वीरता की प्रतीक रु बच्चूलाल

## -मिल्कीपुर में उम्मीद किरण सेवा संस्थान ने मनाई झलकारी बाई की जयंती



मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। विकास खंड मिल्कीपुर के मीठेगांव में रविवार को सामाजिक संस्था उम्मीद किरण सेवा संस्थान के तत्वाधान में वीरांगना झलकारी बाई कोरी का जयंती समारोह मनाया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व अपर निदेशक मत्स्य विभाग बच्चूलाल कोरी ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई कोरी ने अपनी वीरता से अंग्रेजों के छक्के छुड़ाएं। 1857 में जहां अंग्रेज अपनी विस्तारवादी नीति के कारण पूरे देश में दमन का चक्र चला रहे थे और झांसी को अपने अधिकार में लेना चाह रहे थे।वहीं दूसरी ओर रानी लक्ष्मी के समान कद काठी वाली झलकारी बाई कोरी ने अपने पति पूरन कोरी के साथ झांसी में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया।उन्होंने रानी लक्ष्मी बाई और उनके दत्तक पुत्र की रक्षा के लिए युद्ध के मोर्चे उन्नाव गेट पर रानी का रूप धारण कर में अंग्रेजो को चकमा देते हुए पूरे दिन युद्ध में उलझा कर रखा और भंडारी गेट से रानी लक्ष्मीबाई को उनके दत्तक पुत्र के साथ सुरक्षित निकलवा दिया।अंत में युद्ध में अंग्रेजों की गोली का शिकार हुई तब अंग्रेजो को पता चला कि उनसे दिनभर युद्ध लड़ने वाली बहादुर महिला झलकारी बाई कोरी है। युद्ध में झलकारी बाई के पति पूरन कोरी जो भंडारी गेट पर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का संचालन कर रहे थे वह भी शहीद हुए।उम्मीद किरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी लाल चंद्र चौरसिया ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई कोरी का बलिदान इतिहास में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दिया।विशिष्ट अतिथि एडवोकेट प्रदीप कोरी,सुभाष कोरी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला भारती,रामसूरत कोरी,नंदलाल कोरी,हरिओम पासवान,ममता कोरी,बीना कोरी,सालिक राम बौद्ध,सुरेन्द्र कोरी आदि ने भी समारोह को संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम त्यागी एवं अध्यक्षता चौधरी आसाराम कोरी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान स्वामीनाथ,गुरुमीत कोरी,हरिश्चंद्र कोरी,हर्षित त्यागी,अभय राज कोरी,केशव राम कोरी,आकाश चौधरी,काशीराम कोरी,विक्रमजीत

# आस्ट्रेलिया को उसके घर में घुसकर चटाई धूल, 295 रन से पर्थ टेस्ट जीती टीम इंडिया



पर्थ, 25 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम ने जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन करते हुए पर्थ टेस्ट जीत लिया है. इसी के साथ टीम इंडिया ने बॉर्डर–गावस्कर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है, जो वाकई इस दौरे की शुरुआत के लिए शानदार है. मैच की बात करें, तो जसप्रीत बुमराह एंड कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया को 534 रनों का लक्ष्य दिया गया था. मगर, कंगारू टीम भारतीय पेस अटैक के सामने लाचार दिखी और 238 पर ही ऑलआउट हो गई.भारतीय क्रिकेट टीम ने पर्थ टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और कप्तान जसप्रीत बुमराह ने उस फैसले को बिलकुल सही साबित कर दिया है. जसप्रीत बुमराह एंड कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में 534 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन कंगारू टीम इस लक्ष्य के आस–पास भी नहीं पहुंच पाई और 238 रन पर ही ऑलआउट हो गई. नतीजन, टीम इंडिया ने इस मैच को 295 रन से जीत लिया है.ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट खेलना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता, खासतौर पर एशियाई टीमों के लिए वहां काफी चौलेंज होते हैं. मगर, भारतीय टीम एक बार फिर साबित करने में सफल हो गई की वो कहीं भी अपना परचम लहरा सकती है. इंडिया ने भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट लिए थे और दूसरी पारी में भी उन्होंने 3 विकेट लिए.

इस तरह बुमराह ने 8 विकेट झटके. वहीं, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 5 विकेट हासिल किए. डेब्यूडेंट हर्षित राणा ने 4 विकेट चटकाए. नितीश रेड्डी ने 1 और वॉशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट लिए.

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ टेस्ट में अपनी तेजतर्रार बॉलिंग से कंगारुओं को चारों खाने चित्त कर दिए. बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट जीत लिया है. उन्होंने 8 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है.

# भारत ने 295 रनों से जीता पर्थ टेस्ट, जसप्रीत बुमराह बने प्लेयर आफ द मैच



पर्थ, 25 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत जीत के साथ करते हुए पर्थ टेस्ट मैच को 295 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया है। इसके साथ ही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम 1–0 से आगे हो गई है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जीत के लिए 534 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में मेजबान टीम 238 रनों पर आउट हो गई।ऑस्ट्रेलिया ने विशाल टारगेट के जवाब में तीसरे दिन के तीसरे सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। चौथे दिन की शुरुआत में ही मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को पंत के हाथ कैच आउट कराकर एक बड़ा झटका दिया। ख्वाजा ने इस पारी में 4 रनों का योगदान दिया।इसके बाद मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने एक साझेदारी बनाने की कोशिश की और दोनों ने टीम का स्कोर 79 तक पहुंचाया। लंच से पहले भारत को एक और बड़ी सफलता तक मिली जब सिराज ने पंत के ही हाथों कैच आउट कराकर इस स्मिथ की 17 रनों की पारी का अंत कर दिया। स्टीव स्मिथ ने आउट होने से पहले 60 गेंदों का सामना किया और एक भी बाउंड्री नहीं लगाई।इसी बीच ट्रेविस हेड के तेज अर्धशतक के चलते ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तेजी से आगे बढ़ा लेकिन लंच तक उनकी आधी टीम केवल 104 रनों के स्कोर पर ही आउट हो चुकी थी।लंच के बाद हेड ने अपनी पारी के गति के साथ आगे बढ़ाना जारी रखा और कुछ शानदार शॉट्स खेले। हेड को 89 रनों के निजी स्कोर पर बुमराह ने पंत के कैच आउट कराकर भारत को एक और अहम सफलता दिलाई। इसके बाद नीतिश रेड्डी ने मिशेल मार्श की 67 गेंदों पर खेली गई 47 रनों की पारी का अंत कर दिया।इसके बाद सिर्फ विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ही निचले क्रम पर भरतीय गेंदबाजी का प्रतिरोध कर सके, जबकि दूसरे छोर पर विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। वाशिंगटन सुंदर ने मिशेल स्टार्क (12) और नाथन लियोन (0) के विकेट हासिल किए। वहीं, हर्षित राणा ने कैरी को बोल्ड करके विजयी विकेट हासिल किया। कैरी ने 58 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली।भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को 3–3 विकेट मिले। सुंदर ने दो, हर्षित राणा और नीतिश रेड्डी ने 1–1 विकेट लिया। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह को मैच में 8 विकेट लेने के चलते प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। बुमराह ने पहली पारी में 30 रन देकर 5 विकेट लिए थे और अपनी गेंदबाजी से भारत को मैच जिताने में अहम योगदान दिया।

# अदाणी पोर्टफोलियों की कंपनियों ने पेश किए शानदार नतीजे, एसेट बेस 5 लाख करोड़ रुपये के पार



अहमदाबाद ,25 नवंबर । अदाणी पोर्टफोलियों की कंपनियों ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर अवधि) और ट्रेलिंग–बाहर–महीने (टीटीएम) अवधि के नतीजे पेश किए। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में ग्रुप की पोर्टफोलियों कंपनियों ने 75,277 करोड़ रुपये की राशि निवेश की है। इसके साथ ही कुल सकल संपत्तियां 5.53 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं।

वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कंपनी का एबिटा भी अपने उच्चतम स्तर 44,212 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत की बढ़त हुई है। टीटीएम एबिटा सालाना आधार पर 17.1 प्रतिशत बढ़कर 83,440 करोड़ रुपये हो गया है। अगर अदाणी पावर की पिछली अवधि की नॉन–रिकरिंग आय को मिला दिया जाए तो वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में एबिटा ग्रोथ 25.5 प्रतिशत और टीटीएम के लिए 34.3 प्रतिशत रही है। ग्रुप ने कहा कि एबिटा रन–रेट , जिसमें हाल ही में परिचालन की गई संपत्तियों से मुनाफे का वार्षिकीकरण शामिल है, अब 88,192 करोड़ रुपये है। अदाणी समूह ने एक बयान में कहा, इस मजबूत वृद्धि का श्रेय अदाणी के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म पर रणनीतिक फोकस को दिया जाता है, जो उच्च स्थिरता और पूर्वानुमान प्रदान करता है।

बयान में आगे कहा गया कि पोर्टफोलियो की सभी कंपनियों के पास कम से कम अगले 12 महीने में आने वाली सभी कर्ज भुगतान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्विडिटी है। वित्त वर्ष 2034 तक प्रत्येक वर्ष के लिए कर्ज परिपक्वता सितंबर 2024 को समाप्त टीटीएम से कम है। सितंबर 2024 को समाप्त 12 महीनों के लिए परिचालन से धन प्रवाह (एफएफओ) बढ़कर 58,908 करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 28.4 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में ग्रुप के शानदार प्रदर्शन की वजह अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के एबिटा में उछाल आना है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, सोलर और विंड मैन्युफैक्चरिंग के अच्छे प्रदर्शन के कारण एबिटा वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में एईएल का एबिटा सालाना आधार पर 70.14 प्रतिशत बढ़ा है। अदाणी एंटरप्राइजेज के तहत आने वाला कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनेस (यूटिलिटी, ट्रांसपोर्ट और इन्फ्रास्ट्रक्चर) की वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में एबिटा में हिस्सेदारी 86.8 प्रतिशत रही है। ग्रुप ने आगे कहा कि नेट डेट–टू–एबिटा 2.46 गुणा रहा है जो कि मैनेजमेंट की गाइडेंस 3.5 से 4.5 गुणा से काफी कम है।

# तेजी से होगा शिकायतों का समाधान, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 1,000 कंपनियों को किया आनबोर्ड

नई दिल्ली ,25 नवंबर । राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के समाधान में तेजी लाने के लिए अपने कन्वर्जेंस प्रोग्राम के तहत 1,000 से अधिक कंपनियों के साथ साझेदारी की है।

ये कंपनियां ई–कॉमर्स, यात्रा और पर्यटन, निजी शिक्षा, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, रिटेल आउटलेट, ऑटोमोबाइल, डीटीएच, केबल सर्विसेज, बैंकिंग और अन्य प्रमुख क्षेत्रों से हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया कि कन्वर्जेंस प्रोग्राम के तहत इन कंपनियों से संबंधित शिकायतें ऑनलाइन समाधान के लिए सीधे उनके पास स्थानांतरित कर दी जाती हैं। आगे कहा कि साझेदारी कंपनियों की संख्या बढ़कर 1,009 हो गई है, जो कि 2017 में 263 थी। यह वृद्धि हेल्पलाइन की दक्षता बढ़ाने, त्वरित और प्रभावी शिकायत निवारण को सक्षम करने और पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में इन भागीदारों की भूमिका को उजागर करती है।

यह साझेदारी सुनिश्चित करती हैं कि उपभोक्ता शिकायतों का निपटान मुकदमेबाजी होने से पहले के चरण में ही कर लिया जाए, जिससे उपभोक्ता विश्वास को बढ़ावा मिले। हालांकि, यदि कोई शिकायत अनसुलझी रहती है, तो उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपयुक्त उपभोक्ता आयोग से संपर्क कर सकते हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने शीर्ष दस नॉन–कन्वर्जेंस कंपनियों की पहचान की है जिन्हें चालू वित्तीय वर्ष (2024–25) के दौरान सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन कंपनियों में डेल्हीवेरी लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्सकॉम्पडॉटकॉम, डोमिनोज पिज्जा, हायर एप्लायंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फर्स्टक्राई.कॉम, थॉमसन इंडिया, महिंद्रा और महिंद्रा, रैपिडो, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड और सिम्फनी लिमिटेड शामिल हैं।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि चल रही शिकायतों को लेकर और कन्वर्जेंस प्रोग्राम में साझेदार बनाने के लिए इन कंपनियों के साथ अगले हफ्ते बैठक प्रस्तावित है। बयान में आगे कहा गया कि एनसीएच के तकनीकी परिवर्तन से इसकी कॉल–हैंडलिंग क्षमता में मजबूत वृद्धि हुई है। एनसीएच द्वारा प्राप्त कॉलों की संख्या जनवरी 2015 में 14,795 कॉल से बढ़कर जनवरी 2024 में 1,41,817 कॉल तक लगभग दस गुना हो गई है। यह तेजी से वृद्धि अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करने में उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। प्रति माह दर्ज की जाने वाली शिकायतों की औसत संख्या 2017 में 37,062 से बढ़कर 2024 में 1,12,468 हो गई है।




# भारत लोकल इलेक्ट्रानिक्स प्रोडक्ट्स को देगा बढ़ावा, अरबों डालर की योजना कर सकता है शुरु



नई दिल्ली ,25 नवंबर । इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट खासकर मोबाइल फोन की मजबूत लोकल मैन्युफैक्चरिंग से उत्साहित भारत सरकार देश की घरेलू कंपनियों को बढ़ावा देते हुए अरबों डॉलर का प्रोत्साहन देने की योजना बना रही है।सरकारी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट के अनुसार, आगामी योजना लैपटॉप जैसे डिवाइस के लिए क्रिटिकल कंपोनेंट जैसे प्रिंटेड सर्किट बोर्ड्स की मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रोत्साहन प्रदान कर सकती है। इसी के साथ लोकल सप्लाई चेन को बढ़ावा दिए जाने की संभावना है।यह पहल भारत को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में एक बड़े प्लेयर रूप में स्थापित करेगी, क्योंकि वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग दिग्गज चीन से परिचालन को हटाने का लक्ष्य बना रहे हैं।

देश वित्त वर्ष 2030 तक 500 बिलियन डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और 60 लाख नौकरियों के अवसर लाने तक पहुंचने की आकांक्षा रखता है।भारत सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री वर्तमान में लगभग 115 बिलियन डॉलर की है और ग्लोबल वैल्यू चेन देश से उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण होंगी।वित्त वर्ष 2030 तक 500 बिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को 20 प्रतिशत से अधिक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) की जरूरत है।देश की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग विकास कहानी का नेतृत्व एप्पल कर रहा है। भारत लोकल मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के मामले में पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है, इसलिए टेक दिग्गज एप्पल भारत से निर्यात के वित्त वर्ष 2024 के आंकड़ों को पार करने की राह पर है।एक नए रिकॉर्ड में एप्पल चालू वित्त वर्ष के दौरान पहले सात महीनों में भारत से आईफोन निर्यात में लगभग 60,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल–अक्टूबर की अवधि में, क्यूपर्टिनो स्थित टेक दिग्गज ने लगभग 60,000 करोड़ रुपये (7 बिलियन डॉलर से अधिक) मूल्य के आईफोन निर्यात किए, जो चालू वित्त वर्ष में हर महीने लगभग 8,450 करोड़ रुपये (लगभग 1 बिलियन डॉलर) मूल्य के निर्यात के बराबर है।वित्त वर्ष 2024 में, एप्पल ने 10 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के आईफोन निर्यात किए और इस वित्त वर्ष में, प्रौद्योगिकी दिग्गज ने पांच महीने पहले ही उस आंकड़े का 70 प्रतिशत हासिल कर लिया है।एप्पल सरकार की मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के दम पर एक नया निर्यात रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में है।एप्पल ने पिछले वित्त वर्ष में भारत में 14 बिलियन डॉलर के आईफोन का मैन्युफैक्चर और एसेंबल किया और 10 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के डिवाइस का निर्यात किया।

# पर्थ टेस्ट : ख्वाजा के फैसले की क्लार्क ने की आलोचना

पर्थ, 25 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान माइकल क्लार्क ने भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में डेब्यू कर रहे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को पहली गेंद खेलने देने के उस्मान ख्वाजा के फैसले की आलोचना की।यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के शतकों की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी 487/6 पर घोषित कर ऑस्ट्रेलिया को 534 रनों का विशाल लक्ष्य दिया था।तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें और बढ़ गई। एक विशाल लक्ष्य के जवाब में मेजबान टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज मैकस्वीनी सिर्फ चार गेंद ही खेल सके और जसप्रीत बुमराह की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। चौथे दिन ख्वाजा भी सिराज का शिकार हुए।क्लार्क ने स्काई स्पोर्ट्स के बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट शो में कहा, बहुत से लोग पहली गेंद खेला पसंद नहीं करते, इसलिए ओपनिंग बल्लेबाज रोटेट करते हैं। ख्वाजा ने पहली पारी में पहली गेंद खेली, जबकि दूसरी पारी में मैकस्वीनी ने यह जिम्मा उठाया। लेकिन मुझे लगता है कि ख्वाजा को ही दूसरी पारी में पहली गेंद खेलना चाहिए था। उन्हें कहना चाहिए था मैं एक सीनियर खिलाड़ी हूं। मैं जानता हूं कि तुम ऐसा करना चाहते हो लेकिन मुझे इसका लुत्फ उठाने दो।उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की आलोचना भी की कि जब भारत ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी की और विशाल स्कोर बनाया तो गेंद और मैदान पर फील्डिंग में कोई संघर्ष नहीं दिखा।क्लार्क ने कहा, ऐसा लग रहा था कि हम भारत को फिर से कम समय में हराने की उम्मीद कर रहे थे, कोई इरादा नहीं था। वे हमारे सामने थे, लेकिन मैंने हमारे किसी भी गेंदबाज को किसी भी भारतीय बल्लेबाज पर हावी होते नहीं देखा। हमारा इरादा, हमारी ऊर्जा... यह सब गर्मियों के पहले टेस्ट के लिए थोड़ा फीका लग रहा था।

# पर्थ पहुंचते ही पिंक बाल टेस्ट की तैयारी में जुटे रोहित



पर्थ, 25 नवंबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सोमवार को पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट के चौथे दिन टीम से जुड़ गए। रोहित रविवार को वहां पहुंचे और सोमवार को टीम के ड्रेसिंग रूम में कोच गौतम गंभीर के साथ नजर आए।अपने बेटे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट मैच मिस करने वाले रोहित भारत की टेस्ट टीम के नियमित कप्तान हैं। रोहित ने दूसरे टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी है। वह नेट्स पर जमकर प्रैक्टिस करते हुए दिखाई दिए।फॉक्स स्पोर्ट्स ने यह भी दिखाया कि रोहित लंच ब्रेक के दौरान पर्थ में नेट्स पर गुलाबी गेंद से अभ्यास कर रहे थे, जिसमें रिजर्व खिलाड़ी नवदीप सैनी, यश दयाल और मुकेश कुमार उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे।भारत को 30 नवंबर और 1 दिसंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय पिंक गेंद अभ्यास मैच खेलना है, जिसके बाद 6–10 दिसंबर तक एडिलेड ओवल में डे–नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा, लंच ब्रेक के दौरान यहां नेट पर हमारे पास भारत के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जो अभी–अभी यहां आए हैं। 6 दिसंबर को एडिलेड में शुरू होने वाले पिंक गेंद टेस्ट मैच से पहले हमारे पास कुछ भारतीय तेज गेंदबाज, अपने कप्तान के खिलाफ गेंदबाजी कर रहे हैं। जैसा कि हमने अभी देखा कि मुकेश कुमार एक अच्छी गेंद फेंक रहे हैं। लेकिन कप्तान को यहां देखना बहुत अच्छा है। हम उन्हें अगले कुछ दिनों में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर फिर से मैदान पर देखने के लिए उत्सुक हैं।रोहित की अनुपस्थिति में केएल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत की थी। पर्थ में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 26 और 77 रनों की पारी खेलते हुए स्ट्रोक–प्ले और डिफेंस में ठोस प्रदर्शन किया। राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रनों की ओपनिंग साझेदारी भी की, जिन्होंने शानदार 161 रन बनाए, जिससे भारत ने दूसरी पारी में 487/6 पर पारी घोषित की।

# भारत की गिग फर्मे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार : वित्त मंत्री सीतारमण



बेंगलुरू ,25 नवंबर । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक आयोजन में कहा कि क्विक कॉमर्स जैसे भारतीय इनोवेशन समय के साथ अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी व्यापार क्षेत्र में सबसे बड़े प्लेयर की कैटेगरी में शामिल हो सकते हैं। वित्त मंत्री ने कई क्षेत्रों में एक मजबूत भारत ब्रांड का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक खुदरा व्यापार की चुनौतियों का भी जिक्र किया और कहा कि इन चुनौतियों से उभरने के लिए मदद की जरूरत है।बेंगलुरू में इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित 8वें इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की स्टार्ट–अप और गिग इकोनॉमी इकाइयां उस इनोवेशन का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसकी भारत क्षमता रखता है।केंद्रीय मंत्री ने कहा देश को स्टार्टअप और गिग इकॉनमी यूनिट का लाभ उठाना चाहिए। ताकि आधुनिक शहरी जरूरतों के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशन डेस्टिनेशन के रूप में ब्रांड इंडिया की स्थापना की जा सके।वित्त मंत्री ने क्विक कॉमर्स को भारत में तेजी से बढ़ता उपभोक्ता इंटरनेट सेक्टर बताया। उन्होंने कहा कि क्विक कॉमर्स से जुड़ी कंपनियों ने माल की फास्ट डिलीवरी के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क डेवलप किए हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में भारत फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) होना चाहिए, जो यूएस–एफडीए के समान मानक निर्धारित कर सके और दवा निर्माण के निर्यात में तेजी लाने में मदद कर सके। उन्होंने कहा, यूएस एफडीए की तरह ही, हमें भी वैश्विक मानकों वाला भारत एफडीए होना चाहिए।केंद्रीय मंत्री ने देश के पर्यटन को नया दृष्टिकोण देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के टॉप 100 टूरिस्ट सेंटर में उस साइट के आर्किटेक्चर के डिजिटल सेल्फ–लर्निंग प्रोग्राम चलाए जाने की जरूरत है। हमें उन लोगों को लर्निंग मटेरियल प्रदान करना चाहिए जो, भारतीय वास्तुकला को समझना चाहते हैं ताकि टूरिज्म के लिए एक नया दृष्टिकोण मिले।वित्त मंत्री ने सर्कुलर इकॉनमी मॉडल पर जोर देते हुए कहा, भारत ने पहले सर्कुलर इकॉनमी मॉडल और पुनरू उपयोग के सिद्धांत का पालन नहीं किया क्योंकि भारत एक गरीब देश था। सर्कुलर इकॉनमी एक ऐसा मॉडल है, जिसमें वेस्ट को कम कर उत्पादन और खपत को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के सस्टेनेबल इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमें लालच से परे अपनी जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल करना अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

# महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत का शेयर मार्केट पर असर, बुल की फिर हुई वापसी, सेंसेक्स-निफ्टी में तूफानी तेजी

मुंबई ,25 नवंबर । शेयर बाजार पर महाराष्ट्र में भाजपा की जीत का बड़ा असर देखने को मिला है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने अपने पिछले बंद 79,117.11 के लेवल से जोरदार छलांग लगाते हुए 80000 के स्तर को पार करते हुए कारोबार की शुरुआत की, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने भी 24,273 अंक उछलकर कारोबार शुरू किया।

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर मार्केट हरे निशान पर शुरुआत की। दोनों इंडेक्स सेंसेक्स–निफ्टी जोरदार तेजी के साथ ओपन हुए। सेंसेक्स ने 1200 अंक उछलकर 80000 के पार ओपनिंग की और कुछ ही मिनटों में 80,407 का आंकड़ा छू लिया, तो वहीं निफ्टी ने भी 370 अंक से ज्यादा की तेजी लेकर कारोबार शुरू किया और 14,280 के लेवल पर ट्रेड करता नजर आया।



# करीना ने किया बहन करिश्मा के पहले क्रश का खुलासा

C,लीवुड की चर्चित और खूबसूरत बहनें करिश्मा कपूर और करीना कपूर खान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 2 के अगले एपिसोड में शिरकत करती नजर आएंगी। प्रोमो देख साफ हो रहा है कि करिश्मा–करीना ने नेटफ्लिक्स टॉक शो में कपिल के साथ बातचीत के दौरान काफी मस्ती की। लगभग एक मिनट लंबे टीजर में दोनों बहनें कई बड़े खुलासे करती नजर आई हैं। इसमें करिश्मा कपूर के पहले क्रश से लेकर सैफ अली खान और करीना का प्यार का इजहार शामिल है।

वीडियो सैफ के प्रतिष्ठित करीना टैटू के बारे में भी जानकारी प्रदान करता है। प्रोमो देख साफ हो रहा है कि करीना ने सैफ से कहा था, श्अगर तुम मुझसे प्यार करते हो, तो तुम मेरा नाम लिखोगे। दूसरी ओर, कृष्णा अभिषेक ने अपने मामा और 'राजा बाबू' के अभिनेता गोविंदा की तरह कपड़े पहने और करिश्मा के साथ हुक स्टेप किए। इतना ही नहीं प्रोमो से यह भी साफ हो रहा है कि करिश्मा कपूर को पहला क्रश बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान पर था।

कपूर सिस्टर्स एपिसोड का प्रमोशनल वीडियो बेहद मनोरंजक लग रहा है। प्रशंसक करिश्मा और करीना के बीच का बॉन्ड देखने के लिए पूरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पिछले एपिसोड के अंत में कपिल ने करीना से पूछा कि करिश्मा की कौन सी आदत उन्हें सबसे ज्यादा परेशान करती है। बेबो के शरारती जवाब ने लोलो को चौंका दिया। करीना के मुताबिक उनकी बहन करिश्मा को तैयार होने में काफी समय लगता है। ¼fgQh½

# 'खो गए हम कहां' में अनन्या पांडे-सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ करेंगी धमाल

Vलाया एफ ने स्क्रीन पर कई भूमिकाएं निभाई हैं और बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता



है। अभिनेत्री ने फिल्म 'जवानी जानेमन' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया और फ्रेडी, बड़े मियां छोटे मियां और श्रीकांत जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय किया। प्रशंसक, अलाया की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच अभिनेत्री के वर्कफ्रंट पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म खो गए हम कहां की सीक्वल में अलाया एफ की संभावित भागीदारी के बारे में अटकलें तेज हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्अलाया एफ खो गए हम कहां के सीक्वल में नजर आएंगी। अगली कड़ी में वह सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। हालांकि, अब तक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

अर्जुन वरैन सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म 'खो गए हम कहां' में सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म तीन दोस्तों की कहानी है जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। खो गए हम कहां में कल्कि केकलां, आन्या सिंह और रोहन गुरबक्सानी भी सहायक भूमिकाओं में हैं। अलाया एफ ने एक हालिया इंटरव्यू में करियर पर चर्चा की और विश्वसनीय व्यक्तियों से ईमानदार प्रतिक्रिया प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों से राय लेना जो न सिर्फ आपसे मीठी–मीठी बातें करेंगे बल्कि आपका मार्गदर्शन भी करेंगे, मेरे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। ¼fgQh½

# ग्लोबल स्टार हीरो प्रभास आजमाने जा रहे हारर कामेडी में हाथ



çभास ने अपनी हालिया फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से धूम मचा दी है। साइंस फिक्शन और एक्शन एंटरटेनर से दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद अब एक्टर हॉरर कॉमेडी में नजर आएंगे। जी हां! आपने सही पढ़ा, प्रभास की अगली फिल्म 'द राजा साब' एक्टर के लिए एक नया अध्याय खोलेगी।ग्लोबल स्टार हीरो प्रभास जिन फिल्मों में अभिनय कर रहे हैं उनमें से एक फिल्म है राजा साब। हॉरर कॉमेडी जॉनर में आने वाली इस फिल्म का निर्देशन मारुति कर रहे हैं। आज मारुति ने उनके जन्मदिन के मौके पर उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए एक खास झलक वीडियो जारी किया। ताजा झलकियों से यह कहने की जरूरत नहीं है कि प्रभास हॉरर कॉमिक टाइमिंग के साथ ग्लैमरस भूमिका में धमाल मचाने वाले हैं। किंग साइज एंटरटेनमेंट द्वारा जारी मेकिंग विजुअल चर्चा में हैं। इस फिल्म में मलयालम सुंदरी मालविका मोहनन और स्मार्ट महिला निधि अग्रवाल मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हालांकि ऐसी खबरें हैं कि वे 23 अक्टूबर को प्रभास के जन्मदिन के अवसर पर एक आश्चर्यजनक घोषणा की योजना बना रहे हैं, यह देखना बाकी है कि निर्माताओं की ओर से कोई घोषणा होगी या नहीं।

अपनी हालिया फिल्म से 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करने के बाद अब प्रभास को द राजा साब से काफी उम्मीदें होंगी। उनके फैंस भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो अपने पसंदीदा स्टार को एक बार फिर पर्दे पर देखना चाहते हैं। झलकियों में प्रभास सुपर स्टाइलिश अंदाज में हाथों में फूलों का गुलदस्ता लिए खुद को शीशे में देख रहे हैं। इस फिल्म में संजय दत्त अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म को टीजी विश्वप्रसाद और विवेक कुचिबोटला मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसे 10 अप्रैल 2025 को रिलीज करने का ऐलान किया गया है। फैंस अपने पसंदीदा स्टार को बेहतरीन तरीके से दिखाने के लिए मारुति की काफी तारीफ भी कर रहे हैं। मुंज्या और स्त्री 2 जैसी फिल्मों के साथ इस समय हॉरर कॉमेडी का जॉनर ट्रेंड कर रहा है। अगर मारुति की यह फिल्म भी दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हो जाती है तो बॉक्स ऑफिस पर एक बार फिर प्रभास का धमाका देखने को मिलेगा। उनके अलावा फिल्म में मालविका मोहनन और निधि अग्रवाल भी नजर आएंगी। द राजा साब का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद की पीपल मीडिया फैक्ट्री के तहत किया जा रहा है।

# विद्या बालन-माधुरी दीक्षित 2 मंजुलिका के बीच फंसे रूह बाबा कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 का हॉरर और कॉमेडी ट्रेलर रिलीज हो चुका है. कार्तिक आर्यन के फैंस को उनके रूह बाबा वाले अवतार को एक बार फिर देखने का बेसब्री से इंतजार है. फैंस का आधा इंतजार खत्म हो चुका है, क्योंकि ट्रेलर में उन्हें कार्तिक आर्यन का रूह बाबा वाला अवतार दिख चुका है. इस बार फिल्म में विद्या बालन की मंजुलिका बनकर एंट्री हुई है. साथ ही माधुरी दीक्षित भी मंजुलिका बनकर आई हैं.



फिल्म के पहले पार्ट में विद्या ने शानदार काम किया था और फिल्म के दूसरे पार्ट में दर्शकों को विद्या की कमी खली थी. बता दें, कार्तिक आर्यन और फिल्म की टीम भूल भुलैया 3 का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए जयपुर पहुंचे थे. भूल भुलैया 3 का ट्रेलर सिनेमा का मंदिर कहे जाने वाले जयपुर के राज मंदिर से लॉन्च हुआ है.

भूल भुलैया 3 की ट्रेलर की शुरुआत ही डरावनी है, जिसमें मंजुलिका की एंट्री होती है. पहले विद्या बालन अपना मंजुलिका वाला हॉरर अवतार दिखाती हैं इसके बाद फिल्म के कॉमेडी सीन और इसके किरदार के चेहरे सामने आने लगते हैं जिसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित, विजय राज, राजपाल यादव, संजय मिश्रा, मनीष वाधवा के सीन दिखते हैं. वहीं, ट्रेलर के अंत होने से पहले बॉलीवुड की धक–धक गर्ल माधुरी दीक्षित की बतौर सबसे बड़ी मंजुलिका की एंट्री होती है. इसके बाद दोनों मंजुलिका में टक्कर होती है और फिर आखिर में य दोनों कार्तिक आर्यन की दुश्मन बन जाती हैं.कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, विजय राज, राजपाल यादव, संजय मिश्रा, मनीष वाधवा स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म को अनीज बज्मी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने जा रही है. इस दिन रोहित शेट्टी की मल्टीस्टारर कॉप एक्शन फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज हो रही है. दोनों ही दमदार फिल्में दिवाली के मौके पर रिलीज होने जा रही हैं.



# आलिया भट्ट की जिगरा करेगी शानदार ओपनिंग, राजकुमार राव की फिल्म का होगा ऐसा कलेक्शन

आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर फिल्म जिगरा 11 अक्टूबर को थिएटर्स में दस्तक देने जा रही है. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का मुकाबला राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से होगा. दोनों फिल्मों को लेकर फैंस एक्साइटेड हैं, हालांकि कौन–सी फिल्म दर्शकों का दिल जीतेगी और किस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा बनेगा ये तो रिलीज के बाद ही पता चलेगा. फिलहाल दोनों फिल्म के ओपनिंग कलेक्शन के प्रीडिक्टेड आंकड़े सामने आ गए हैं.

ट्रेड एनालिस्ट हिमेश मांकड़ की मानें तो जिगरा और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो दोनों बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन ठीक–ठीक ओपनिंग करेंगी. पहले दिन दोनों फिल्मों का कलेक्शन 5 से 6 करोड़ रुपए के बीच होगा. रिलीज के दिन जो बेहतर वर्ड ऑफ माउथ वाली फिल्म होगी, वो बड़ी ओपनिंग करेगी.

ट्रेड एनालिस्ट जतिंदर सिंह का कहना है कि आलिया भट्ट की जिगरा पहले दिन शानदार कलेक्शन करेगी. फिल्म 75 प्रतिशत ज्यादा कमाएगी और इसका कलेक्शन राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से काफी बेहतर होगा. उनके मुताबिक जिगरा बॉक्स ऑफिस पर 7 करोड़ रुपए और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 4 करोड़ रुपए से अपना खाता खोलेगी.वासन बाला के डायरेक्शन में बनी फिल्म जिगरा एक भाई–बहन की कहानी है. फिल्म में आलिया भट्ट और वेदांग रैना लीड रोल में नजर आएंगे. फिल्म का ट्रेलर और तीन गाने रिलीज हो चुके हैं और अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है. विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को राज शांडिल्य में डायरेक्ट किया है. फिल्म एक कॉमेडी–ड्रामा है जिसमें राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी लीड रोल्स में हैं. इसके अलावा मल्लिका शेरावत और विजय राज जैसे कलाकार भी फिल्म का हिस्सा होंगे.

# अब्राहम की वेदा अब ओटीटी पर देगी दस्तक

पिछले साल शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ जॉन अब्राहम ने ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान दी थी. इस मूवी की रिकॉर्ड तोड़ सफलता के बाद एक्शन–स्टार जॉन अब्राहम ने इस साल श्वेदाय के साथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक किया था. निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, एक्शन से भरपूर ड्रामा मे शरवरी वाघ ने भी अहम रोल निभाया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 अगस्त को श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की श्स्त्री 2य और अक्षय कुमार स्टारर श्खेल खेल मेंय के साथ रिलीज हुई थी.हालांकि श्स्त्री 2य के बज के चलते वेदा बॉक्स ऑफिस के नंबर्स में काफी पीछे रह गई और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. लेकिन फिल्म में जॉन और शरवरी की दमदार एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी. वहीं अब ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है. चलिए यहां जानते हैं श्वेदाय ओटीटी पर कब और कहां रिलीज होगी?

श्वेदाय बॉक्स ऑफिस पर बेशक कमाई नहीं कर पाई है लेकिन फिल्म की कहानी और इसके एक्शन सीक्वेंस की खूब तारीफ हुई है. वहीं अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने आ रही है. रिपोर्ट के मुताबिक जी5 ने वेदा के स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदे हैं और फिल्म का प्रीमियर 12 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होने की उम्मीद है. हालाँकि, इस बारे में अभी तक प्लेटफॉर्म या मेकर्स द्वारा कुछ भी ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया गया है.फिल्म ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 26 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी. रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने घरेलू बाजार में वेदा का लाइफटाइम कलेक्शन 20 करोड़ रुपये था. अब ये देखना दिलचस्प होगा ।



# पुष्पा 2 का फर्स्ट हाफ लाक, फिल्म को रिलीज होने में बचे हैं सिर्फ इतने दिन

पुष्पा 2 द रूल 6 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. सुकुमार फिलहाल ब्लॉकबस्टर पैन–इंडिया एक्शन ड्रामा पुष्पारू द राइज के सीक्वल में व्यस्त हैं. मेकर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के बारे में अपडेट साझा किया है. मेकर्स ने बताया कि फिल्म का फर्स्ट हाफ लॉक हो गया है. अब सेकंड हाफ पर काम चल रहा है. साथ ही पोस्ट–प्रोडक्शन का काम भी चल रहा है.

साल 2024 भारतीय सिनेमा के लिए ऐसा साल साबित हुआ है. पिछले साल के मुकाबले इस साल कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म की हैं. जहां 2024 की शुरुआत भारतीय सिनेमा के लिए एक शानदार साल रहा है, वहीं पुष्पा 2 द रूल साल के अंत के लिए बेहतरीन साबित हो सकता है. फिल्म का फर्स्ट हाफ काफी दमदार है, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा.फिल्म के गाने, पोस्टर, टीजर और कई झलकियां पहले ही सामने आ चुकी हैं, जिन्हें लोग पसंद भी कर रहे हैं. मेकर्स ने पुष्पा 2 का टाइटल और सुसेकी ट्रैक की झलक पहले ही दिखा चुके है. हाल ही में सुसेकी ने यूट्यूब पर 250 मिलियन व्यूज हासिल किए हैं.पुष्पा 2रू द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया है. फिल्म में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका दोहराते नजर आएंगे.

